अमृत विचार

कानपुर, शनिवार, 9 मई 2026



# संदिग्ध हालात में महिला की मौत, हत्या का आरोप

## शिवली कोतवाली क्षेत्र के उदैतपुर गांव का मामला, 11 साल पहले हुई थी शादी, बीते दिवस निगला था जहर

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के उस उदैतपुर गांव में एक महिला ने गुरुवार की दोपहर कीट नाशक दवा पी ली। दवा पीने से उसकी हालत बिगड गई। आनन-फानन में परिजनों ने महिला को कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी पर मायके पक्ष के लोग आ गए और हत्या का आरोप लगाने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं देर रात तक चली पंचायत के बाद मृतका की बेटी के नाम डेढ़ लाख रुपये की एफडी सहित सवा बीघा जमीन लिखने पर मामला शांत हुआ।



अनुपम।

कोतवाली क्षेत्र के उदैतपुर शिवली गांव निवासी प्रदीप कुमार राजपूत की शादी थाना शिवली के खनखरी मजरा औरंगाबाद निवासी ओमप्रकाश उर्फ मुन्ना की बेटी अनुपम से 11 वर्ष पूर्व हुई थी। गुरुवार की दोपहर उसने घर पर रखी कीटनाशक दवा पी ली। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। घर वाले उसे आनन-फानन कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। और शव घर ले आए। जानकारी पर मृतका के पिता ओम प्रकाश, दादा राजू व चचेरा भाई कृष्णा मौके पर पहुंचे और कई तरह आरोप लगाने लगे।

मामले को देख पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम भेजा। उधर, मायके व ससुराल पक्ष में समझौते को लेकर देर रात तक चली पंचायत भी चली। मृतका की 8 वर्षीय बेटी काव्या भी है। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि महिला द्वारा कीटनाशक दवा पीने की जानकारी मिली है जिसमें उसकी मौत हो गई है। पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई होगी।



महिला की मौत के बाद गुमशुम बैठी महिलाएं। अमृत विचार



अधेड़ का शव मिलने के बाद मौके पर जांच करती पुलिस व मौजूद लोग । अमृत विचार

### खेतों में मिला लापता अधेड़ का शव, परिजनों में मचा कोहराम

**कानपुर देहात :** रूरा थाना क्षेत्र के अहिरन गढ़ेवा गांव में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब सड़क किनारे खेत में एक अधेड़ व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान जयनारायण सिंह के 48 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार सुरेंद्र गुरुवार शाम करीब 6 बजे साइकिल से भूसा लेने खेत गए थे, लेकिन रात तक घर वापस नहीं लौटे। परिवार ने सोचा कि खराब मौसम के कारण वह खेत की झोपड़ी में ही रुक गए होंगे। शुक्रवार सुबह सरगांव बुजुर्ग जाने वाले मार्ग पर छुन्ना के खेत के पास उनका शव पड़ा मिला। शव मिलने की खबर से इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुधीर भारद्वाज पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। एसआई रमाशंकर पाल ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार मृतक के दाहिने कान के पास हल्की चोट के निशान तथा पैरों पर खरोंच और मिट्टी लगी हुई मिली है, जिससे परिजनों ने किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत की आशंका जताई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना से परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

- **बीती शाम भूसा लेने की बात कह कर घर से निकले थे जय नारायण**

# ट्रैक्टर की टक्कर से अधेड़ की मौत, मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव के समीप एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने सड़क किनारे खड़े एक व्यक्ति के टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की।

रूरा थाना क्षेत्र के गुलाबपुर भौंरा निवासी महेंद्र पुत्र रुस्तम (57वर्ष) हमीरपुर राठ से बाइक से अपने साथी के साथ वापस घर आ रहा था। अभी वह कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव के समीप पहुंचा ही था कि तभी उसके साथी को लघुशंका लगने लगी। वह बाइक साइड में खड़ी करके खड़ा हो गया। इसी दौरान चौरा की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे अमरौधा चौकी इंचार्ज अनूप पोरवाल, कांस्टेबल भीमसेन ने शव कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



अधेड़ को कुचलने के बाद खड्ड में गिरा ट्रैक्टर। अमृत विचार

### ऑटो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कानपुर देहात।** रनियां क्षेत्र स्थित जियो पेट्रोल पंप के पास बाइक और ऑटो की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार राम सिंह (42वर्ष) पुत्र पप्पू दयाल गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस कर्मियों ने घायल को प्राथमिक उपचार देने के बाद तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर काफी तेज थी, जिससे मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। समय रहते 108 एंबुलेंस सेवा मिलने से घायल को इलाज उपलब्ध कराया जा सका।

## न्यूज ब्रीफ

### अचानक बिगड़ी तबीयत, युवक की मौत

**कानपुर देहात।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के भोगनीपुर निवासी एक युवक की अचानक हालत बिगड़ गई। परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां में भर्ती कराया गया। परीक्षण के बाद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। कोतवाली क्षेत्र के भोगनीपुर निवासी शिवा (22वर्ष) की अचानक तबीयत खराब हुई। जानकारी पर परिजन उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां ले गए। वहां चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई।

### विमल कुमार बने एसो. के अध्यक्ष

**रनियां।** लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन शुक्रवार को माती स्थित निरीक्षण भवन में संपन्न हुआ। इस दौरान मौजूद सहायक अभियंताओं द्वारा सहायक अभियंता विमल कुमार मिश्रा को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष चुना गया। इं राकेश कुमार राय को सचिव तथा इं शील रत्न गौतम को एसोसिएशन का कोषाध्यक्ष चुना गया। इस दौरान निवर्तमान जिलाध्यक्ष कल्पना जायसवाल को उनके अब तक के सफल कार्यकाल की बधाई ज्ञापित की गई। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। जयविंद कुमार, सहायक अभियंता प्रसेनजीत विक्रम वेद सहित उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के जिलाध्यक्ष इं बुद्धि विलास विश्वकर्मा, इं दीपक कुमार, इं शिवमंगल कुमार, इं सत्येंद्र शुक्ला आदि रहे।

### ढाई सैकड़ा से अधिक वाहनों के चालान

**कानपुर देहात।** सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कानपुर देहात पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। शुक्रवार को जिले के अलग–अलग थानों की पुलिस ने अभियान चला कर 257 वाहन चालकों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किया। अभियान के अंतर्गत बिना नंबर प्लेट के वाहन, ट्रिपल राइडिंग, हेलमेट न पहनना, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाना आदि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 257 वाहनों का चालान किया गया। इसके साथ ही, जनपदीय पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें। यह अभियान जनपद में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और दुर्घटनाओं को कम करने के लिए निरंतर जारी रहेगा।

### 12 मई को होगा रोजगार मेला

**कानपुर देहात।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश मिशन रोजगार अभियान के अंतर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय, कानपुर देहात द्वारा पुरूष बेरोजगार अभ्यर्थियों के लिए दि इंडिया थर्मिट कॉर्पोरेशन लिमिटेड कानपुर नगर द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन कार्यालय परिसर में किया जाएगा। 12 मई को प्रात : 11 बजे से मेला प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि मेला पूर्णत : नि :शुल्क है एवं प्रतिभाग हेतु कोई मार्ग व्यय आदि देय नहीं है।

# महिला की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** करीब 25 दिन पहले रनियां थाना क्षेत्र में युवक ने महिला के सिर पर डंडा मार दिया। घायल अवस्था में उसे कानपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतका के पति की ओर से थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने शुक्रवार को हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया।

घटना के संबन्ध में 30 अप्रैल को गांव आंट थाना रनियां निवासी सतीश कुमार त्रिवेदी पुत्र स्व. रामआधार त्रिवेदी ने थाने में अर्जी दी थी। बताया कि 14 अप्रैल की शाम करीब सात बजे उसकी पत्नी कमलादेवी घर के अंदर खाना बना रही थी। उसी समय पुरानी रंजिश के चलते विपक्षी अरविंद पुत्र ओमप्रकाश निवासी आंट ने कमला के सिर पर डंडा मार दिया। इससे वह बेहोश हो गई। उसी समय प्रेमा देवी, पंकज बचाने दौड़े तो अरविंद जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। कमला देवी को कानपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। 25 अप्रैल को वहां मृत्यु हो गई। घटना के संबन्ध में थाना रनियां में धारा 105/351 (3) बीएनएस के अंतर्गत आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। शुक्रवार को रनियां पुलिस ने आरोपी अरविंद पुत्र ओमप्रकाश को उसके घर ग्राम आंट थाना रनियां से गिरफ्तार कर लिया। उससे पास से हमला करने वाला डंडा भी बरामद किया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश करने की तैयारी की गई।



रनियां पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

- **रनियां थाना क्षेत्र के आंट गांव में 14 अप्रैल को हुई थी घटना**

### तमंचे के साथ पकड़ा गया युवक, चोरी की बाइक भी बरामद

**कानपुर देहात।** थाना राजपुर पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके पास से बाइक व तमंचा-कारसूत बरामद किया गया है। थाना क्षेत्र राजपुर में सलेमपुर बंबा मोड़ से एक संदिग्ध बाइक सवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि उसने अपना नाम संजीव दुबे उर्फ मोहित, उर्फ संजीत पुत्र स्व. सुरेश दुबे निवासी ओम नगर थाना कोतवाली जनपद औरैया बताया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा 315 बोर व दो जिंदा कारतूस 315 बोर मिले। एक बाइक भी बरामद की गई। बताया कि उसने कन्नौज जिले से बाइक चोरी की थी। बताया कि वह मोटरसाइकिले चुराकर बेचकर अपना खर्च चलाता था।

# डेमो कर सिखाए वीआईपी मूवमेंट के दौरान सुरक्षा के गुर

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा तैयारियों का खाका खींचना शुरू किया है। चुनावों के मद्देनजर वीवीआईपी और वीआईपी भ्रमण हेतु सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए माती पुलिस लाइन में टीओटी प्रशिक्षण चला। शुक्रवार को इसका समापन हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रसाद के पर्यवेक्षण में आयोजित किया गया। इसमें जनपद के विभिन्न थानों व इकाइयों से चयनित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को वीवीआईपी व वीआईपी ड्यूटी के दौरान अपनाई जाने वाली सुरक्षा प्रक्रियाओं, रूट चार्ट आदि के संबंध में जानकारी दी गई। डेमो एवं प्रायोगिक अभ्यास कराया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी संजय गुप्ता, प्रतिसार निरीक्षक प्रेमचंद्र शुक्ला, वीआईपी सेल निरीक्षक देवेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



प्रशिक्षण में भाग लेने वाले पुलिस कर्मियों को प्रमाण पत्र देते सीओ संजय गुप्ता।

**कार्यालय नगर पंचायत गोहाण्ड–हमीरपुर**

पत्रांकः– 108 / न0पं0 गो0 / सामान्य (2026–27) दिनांक 08/05/2026

पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अर्न्तगत प्रकाशन

म्यूटेशन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज कुमार पुत्र श्री बाबूराम निवासी मुहल्ला विवेकानन्द नगर कस्बा गोहाण्ड जनपद हमीरपुर ने दिनांक 06.05.2026 को एक प्रार्थना पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया है कि मेरे द्वारा नगर पंचायत गोहाण्ड में भवन संख्या 168 को प्रार्थी उमेश चन्द्र पुत्र जगन्नाथ निवासी मुहल्ला जयप्रकाश नगर गोहाण्ड से रजिस्ट्री क्रय कर लिया गया है। उक्त भवन संख्या 168 से उमेश चन्द्र पुत्र जगन्नाथ निवासी मुहल्ला जयप्रकाश नगर गोहाण्ड द्वारा रजिस्ट्री की गयी है परन्तु नगर पंचायत के अभिलेखों में भवन संख्या 168 में उनकी पत्नी गायत्री देवी पत्नी श्री उमेश चन्द्र के नाम अंकित है। श्रीमती गायत्री देवी ने प्रमाण प्रत्र भी दिया है कि मेरे पति उमेश चन्द द्वारा जो भी रजिस्ट्री की गयी है उसमें मुझे किसी प्रकार की कोई अपत्ति नहीं है। मेरा नाम खारिज करके उक्त भवन संख्या 168 में क्रेता राज कुमार पुत्र श्री बाबूराम निवासी मुहल्ला विवेकानन्द नगर कस्बा गोहाण्ड जनपद हमीरपुर का नाम दर्ज किया जाये।
उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अपनी साक्ष्य सहित 30 दिन के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत गोहाण्ड में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि गुजर जाने के बाद किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा और नगर पंचायत गोहाण्ड के अभिलेखों में वार्ड नं0 10 जयप्रकाश नगर में स्थित भवन संख्या 168 से गायत्री देवी पत्नी उमेश चन्द्र निवासी मुहल्ला जयप्रकाश नगर गोहाण्ड का नाम खारिज करके आवेदक का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत गोहाण्ड हमीरपुर

### संत विरक्तानंद महाराज की पुण्यतिथि मनाई

**शिवली :** क्षेत्र के विख्यात शोभन मंदिर के गोलोकवासी संत स्वामी विरक्तानंद महाराज शोभन सरकार की शुक्रवार को छठवीं पुण्यतिथि मनाई गई। ज्येष्ठ माह की षष्ठी तिथि को स्वामी विरक्तानंद शोभन सरकार गोलोकवासी हो गए थे। पुण्यतिथि के मौके पर शोभन मंदिर में गुरुवार को शुरू हुए श्रीरामचरित मानस का अखंडपाठ का शुक्रवार को विश्राम हो गया। इसके उपरांत में सीताराम नाम जप शुरू हुआ। साथ ही परिसर में ही कई स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में लोग मंदिर पहुंचे भक्तों ने देव दर्शन व पूजन अर्चन के बाद भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। महंत हरिशरणम महाराज ने भक्तों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर ओमप्रकाश शुक्ला, देवेंद्र त्रिपाठी, आशुतोष त्रिवेदी, राधाकृष्ण पांडेय, गोपाल शुक्ला, आनंद विश्वकर्मा, चौकी इंचार्ज योगेंद्र शर्मा मौजूद रहे।



संत विरक्तानंद महाराज की पुण्यतिथि पर भंडारे में प्रसाद लेते भक्त। अमृत विचार

# चलो निभाएं अपनी जिम्मेदारी करें जनगणना में भागीदारी

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** भारत सरकार पहली बार डिजिटल माध्यम से जनगणना करा रही है। इस डिजिटल अभियान को सफल बनाने के लिए संबंधित विभागों के सभी कर्मचारी पूरी पारदर्शिता और लगन से काम करें। यह बात तहसील सभागार में आयोजित डिजिटल जनगणना एवं स्वगणना को लेकर हुई बैठक में उप जिलाधिकारी शिखा संखवार ने उपस्थित कर्मचारियों से कहीं।

उन्होंने सभी लोगो को ग्राम पंचायतों, स्कूलों, सार्वजनिक स्थलों और नगर क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक लोग अभियान से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि डिजिटल जनगणना से प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सरल बनेगी। बैठक में बताया गया कि परिवार का मुखिया स्वयं आधिकारिक वेबसाइट पर मोबाइल नंबर से पंजीकरण कर अपने परिवार का पूरा विवरण ऑनलाइन दर्ज कर सकेगा। स्व-गणना के दौरान परिवार के सदस्यों की संख्या, शिक्षा, रोजगार, आवास की स्थिति, पेयजल, शौचालय, घरेलू सुविधाएं, संपत्ति और सामाजिक-आर्थिक जानकारी दर्ज की जाएगी।



बैठक करते तहसीलदार संतोष कुमार सिंह। अमृत विचार

बैठक | फाइलेरिया उन्मूलन में सीएचओ–पीएसपी व डीजीसी की अहम भूमिका

# रिवाइज्ड गाइडलाइन पर अभिमुखीकरण प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** सीएमओ कार्यालय के सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत गठित जिला कोर ग्रुप डीजीसी सदस्यों को फाइलेरिया की रिवाइज्ड गाइडलाइन पर अभिमुखीकरण प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में सीएमओ डॉ एके सिंह ने एसीएमओ डॉ. एसएल वर्मा, डिप्टी सीएमओ डॉ. डीके सिंह, डीएमओ मारुति दीक्षित सहित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों फाइलेरिया मरीज एवं डीजीसी सदस्यों के साथ घोषणा पत्र का विमोचन कर जिला कोर ग्रुप का शुभारंभ किया।

सीएमओ ने कहा कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है। यह विकलांगता का विश्व में दूसरा कारक है। जिन क्षेत्रों में एएएम स्तर पर सीएचओ पीएसपी गठित है वहां पर एमडीए अभियान के दौरान बहुत अच्छे रिजल्ट देखने के मिले हैं। हम उम्मीद करते हैं कि आप सब लोग इसी प्रकार कार्य करते रहे और जागरूकता गतिविधियों के तहत लोगों को जागरुक करते रहे। आप सभी लोग डीजीसी पीएसपी सदस्यों आशा आंगनवाड़ी के माध्यम से फाइलेरिया के सत प्रतिशत मरीजों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्तर पर लिकेज करें सभी मरीजों को एमएमडीपी स्वयं देखभाल हेतु प्रशिक्षित करें। पैर की धुलाई, व्यायाम और पैर को ऊपर उठाकर रखने और रात को सोते समय प्रभावित अंग पर तकिया लगाकर ऊंचा रखने हेतु प्रेरित करे ताकि मरीजों के शरीर से माइक्रोफाइलेरिया को खत्म किया जा सके जिससे बीमारी फैलने पर रोक लगाई जा सकती है। डीएमओ मारुति दीक्षित द्वारा कहा गया कि जिला कोर समूह स्थानीय समुदाय से बना एक समूह है जिसमें पंचायती राज, खाद, नागरिक आपूर्ति आईसीडीएस, आजीविका मिशन, युवा समूह, शिक्षा विभाग के लोग शामिल है जिसमें शिक्षक, प्रधान, पंचायत सहायक, कोटेदार, स्वमसेवी, मरीज, आगनवाड़ी, आशा एवं फाइलेरिया से प्रभावित लोग है। एमडीए अभियान का सफल संचालन करने हेतु प्रत्येक मना करने वाले व्यक्ति और कभी न दवा खाने वाले लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करने के लिए सीएचओ पीएसपी डीजीसी के द्वारा सामाजिक जागरूकता, रोग निगरानी, के तहत लोगों को प्रेरित करना स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाना एवं अच्छे स्वास्थ्य व्यवहार को प्रोत्साहित करना है।



घोषणा पत्र का विमोचन करते सीएमओ डॉ . एके सिंह। अमृत विचार

# सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दुखी परिवार को भेजी आर्थिक सहायता

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** कन्नौज लोकसभा क्षेत्र की रसूलाबाद विधानसभा के बिरहुन गांव निवासी मामा भांजी की सड़क हादसे में मृत्यु हो जाने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवार को एक लाख रुपये की मदद दी। 29 अप्रैल को बिरहुन गांव निवासी रामसागर और उनकी चार वर्षीय भांजी सृष्टि की शिवली कस्बे में एक सड़क हादसे में मृत्यु हो गई थी। जानकारी मिलने पर अखिलेश यादव ने तत्काल पीड़ित परिवार की सहायता के लिए एक लाख रुपये का चेक निर्देश यादव को सौंपा। निर्देश यादव बिरहुन गांव पहुंचे और उन्होंने शोकाकुल परिवार को आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया। समाजवादी पार्टी हमेशा दुख की घड़ी में लोगों के साथ खड़ी रहती है।



सड़क हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिवार को दी आर्थिक सहायता।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे दो बेटे विपिन कुमार सिंह उम्र करीब 28 वर्ष एवं सचिन कुमार सिंह उम्र करीब 25 वर्ष हैं। बड़े बेटे विपिन कुमार सिंह का चाल चलन ठीक नहीं है। वह मेरे कहने सुनने में भी नहीं है। यदि किसी भी व्यक्ति से कोई लेनदेन, रजिस्ट्री बैनामा, रेहन अथवा झगड़ा विवाद इत्यादि करता है तो उसकी सारी जिम्मेदारी विपिन कुमार सिंह की होगी। मुझसे कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। मैं अपने बड़े बेटे विपिन कुमार सिंह को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। मेरी किसी भी संपत्ति पर उसका कोई हस्तक्षेप अथवा अधिकार नहीं होगा। मैं उक्त सूचना खूब सोच विचार कर स्वस्थ चित्त मन से बिना किसी डर व दबाव के प्रकाशित करवा रहा हूं। **– भारत शरण सिंह, पुत्र श्री विजय कुमार सिंह, निवासी ग्राम व पोस्ट – खानपुर, थाना – खण्डासा, तहसील – मिल्कीपुर, जनपद – अयोध्या। मो. 8881448538**

**सूचना**
मैंने अपना नाम आकांक्षा से बदलकर अपना नाम आकांक्षा यादव रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना–पहचाना जाय। **आकांक्षा यादव पुत्री हरविलास सिंह निवासी––75 नागला लच्छी उसराहर इटावा, उ0प्र0**

**सूचना**
मै **राम सागर यादव सुत स्व0 श्री गयादीन यादव, निवासी मिश्राने, गौहानी पो0– बहरौली, जिला– सुलतानपुर,** यहकि मेरे पुत्र अनुराग यादव के आधार कार्ड जिसका नं0–4015 4938 9081 है, जिसमें मेरे पुत्र की जन्मतिथि त्रुटिवस 25–07–2007 अंकित है जो कि गलत है। जबकि हाई स्कूल के अंक पत्र में एवं जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र की जन्म तिथि 25–07–2008 अंकित है, जो कि सही है । अतः मेर पुत्र अनुराग यादव की जन्म तिथि का संशोधन आधार कार्ड में, हाई स्कूल के अंक पत्र एवं जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार 25–07–2008 किया जाय।

**NOTICE**
It is hereby informed to the general public that I have changed my name from WASHIULLAH to MOHD VASIULLAH SHAH. In the future, I shall be known and recognized by the MOHD VASIULLAH SHAH S/O NOOR MOHAMMAD
**Address: VILL & POST-MASAICHA, PS-SHIV NAGAR DIDAI, SIDDHARTH NAGAR, UP**
**Note: OLD NAME-: WASHIULLAH**
**NEW/CHANGED NAME: MOHD VASIULLAH SHAH**

**सूचना**
मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2021 रोल नंबर 211366395 व इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2023 रोल नंबर 2236173861 के प्रमाण पत्र व सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गए हैं । **साहिल पुत्र देवेन्द्र सिंह ग्राम– पुर्वा खागन–पोस्ट– हरवंशपुर –तहसील– बिधूना– जनपद– औरैया**

**कानपुर के प्रमुख समाचार**

- खंडहर में बुला कपड़ा कारोबारी की हत्या-VI
- एयरोस्पेस क्षेत्र में कौशल विकास का केंद्र बनेगा शहर -VII
- 16020 बच्चे कुपोषित, पर नहीं मिला पोषाहार -VIII


कानपुर, शनिवार, 9 मई 2026


**अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.**

•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT

दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में

सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य

117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर

9889538233, 7880306999


# जरीब चौकी में आरओबी के लिए भूमि पूजन

**320** करोड़ रुपये की लागत से होगा आरओबी का निर्माण

**02** शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन हुआ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जरीब चौकी क्रासिंग पर लगने वाले जाम से लाखों लोगों को निजात दिलाने के लिए रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाना है, जो प्लस के आकार का प्रस्तावित है। शुक्रवार की दोपहर भाजपा सांसद रमेश अवस्थी ने विधायक अरुण पाठक, विधायक सुरेंद्र मैथानी, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, भाजपा के उत्तर व दक्षिण जिलाध्यक्षों, पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया आदि भाजपाइयों के साथ मिलकर आरओबी निर्माण के लिए भूमि पूजन किया।



आरओबी के लिए भूमि पूजन करते सांसद रमेश अवस्थी, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल और भाजपा विधायक। अमृत विचार

जरीबचौकी क्रासिंग पर 320 करोड़ रुपये की लागत से जरीबचौकी चौराहे पर रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) के निर्माण किया जाना है, जिसके लिए शासन से अनुमति मिल गई है और निर्माण के लिए करीब 110 करोड़ रुपये की पहली किस्त भी जारी कर दी गई है। आरओबी निर्माण कार्य की शुरुआत के लिए शुक्रवार को सीसामऊ थाने के सामने मंच तैयार किया गया, जिसे सेतु निगम द्वारा केसरिया वस्त्रों व केसरिया गुब्बारों से सजाया गया। दोपहर 12 बजे सांसद रमेश अवस्थी का मंच पर ढोल-नगाड़ों, शंखनाद व जयघोष के साथ नेताओं व जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया।

इस मौके पर हास्य कवि हेमंत पांडे ने कार्यक्रम का संचालन अपने अंदाज में किया। दोपहर दो बजे शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन सांसद रमेश अवस्थी द्वारा संपन्न किया गया। पनकी मंदिर व आनंदेश्वर मंदिर के महंतों के साथ क्रिश्चियन व मुस्लिम धर्मगुरुओं की उपस्थिति ने सामाजिक समरसता और सर्वधर्म समभाव का संदेश दिया।

नेताओं व जनप्रतिनिधियों ने इसे कानपुर के विकास का महत्वपूर्ण अध्याय बताया। सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि वह कानपुर के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण रूप से वचनबद्ध हैं। यह रेलवे ओवर ब्रिज क्रासिंग पर लगने वाले भीषण जाम व दक्षिण-उत्तर कनेक्टिविटी की समस्या से मुक्ति दिलाएगा। कहा कि कानपुर की जनता ने जिस अटूट विश्वास के साथ सांसद बनाया है, वह उनके हर सुख-दुख में सदैव साथ रहेंगे।

### भूमि पूजन कार्यक्रम में ये लोग रहे मौजूद

- भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, एमएलसी अरुण पाठक, विधायक सुरेंद्र मैथानी, जिलाध्यक्ष उत्तर अनिल दीक्षित, जिलाध्यक्ष दक्षिण शिवराम सिंह, पूर्व विधायक राकेश सोनकर, रघुनंदन भदौरिया, आरपी कुशवाहा, क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील बजाज, विनोद शुक्ला, रामदेव शुक्ला व एनडीए संयोजक सुरेश गुप्ता समेत कई भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रवींद्र पाटनी ने किया विरोध, प्रमिला शामिल नहीं

- जरीब चौकी आरओबी के भूमि पूजन को लेकर पूर्व महापौर रवींद्र पाटनी ने सोशल मीडिया पर अपना विरोध दर्ज कराया। वर्तमान महापौर प्रमिला पांडेय भी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुईं। हालांकि मंच से महापौर का कई बार नाम लिया गया। मंच पर चढ़ने और पदाधिकारियों को अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए कार्यकर्ताओं में काफी होड़ मची रही।

### क्रॉसिंग के जाम में जूझते लोग, मिलेगा छुटकारा

- जरीब चौकी क्रॉसिंग से 20 से 30 मिनट में ट्रेनें गुजरती हैं, जिसकी वजह से क्रॉसिंग को बंद रहती है। क्रॉसिंग बंद होने से कालपी रोड और जीटी रोड पर जाम लगता है, जिसकी वजह से पैदल निकलने वालों को भी काफी परेशानी होती है। जाम में फंसने की वजह से लोग समय पर दफ्तर व बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पाते हैं। आरओबी के निर्माण पर जाम से काफी निजात मिलेगी।

## शहर में आज



- **लाइव प्रसारण :** बंगाल सरकार का शपथ ग्रहण समारोह का लाइव प्रसारण घंटाघर चौराहे पर सुबह 10 :30 बजे।
- **जयंती :** महाराणा प्रताप जयंती पर जरीब चौकी प्रताप चौक पर श्रद्धांजलि, विचार गोष्ठी व शर्बत वितरण सुबह 11 बजे।
- **बैठक :** सपा के तीनों विधायकों द्वारा परेड बाजार हटाने के विरोध में दुकानदारों के साथ बैठक दोपहर एक बजे।
- **शिलान्यास :** आजादी के बाद राजपुरवा मलिन बस्ती में पड़ने वाली सीवर लाइन का शिलान्यास शाम चार बजे।
- **विसर्जन :** सपा विधायक अमिताभ वाजपेयी का स्मार्ट मीटर विसर्जन कार्यक्रम सरसैया घाट पर शाम 6 बजे।

## सिटी ब्रीफ

### यहां नहीं रहेगी बिजली

कानपुर। शहर के संजय नगर, दुर्गा मंदिर, तीन खंभा, लवकुशपुरम, शिवली रोड व आसपास क्षेत्र, आचार्य नगर, डीएम ऑफिस व सैनिक चौराहा में शुक्रवार को सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर दो बजे तक बिजली नहीं रहेगी। सिंहपुर और नवशीलधाम में सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

### बत्ती कटने से परेशानी

कानपुर। जरीबचौकी उपकेंद्र के आचार्य नगर में एचटी लाइन डालने की वजह से शुक्रवार सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक बिजली गुल रही। परमपुरवा में दोपहर एक बजे से शाम को पांच बजे तक और नमक फैक्ट्री के आलीशान फीडर की बिजली सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक नहीं आने से सैकड़ों लोगों को गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा।

### तीन बिजली चोर पकड़े

कानपुर। केस्को की विजिलेंस टीम ने शुक्रवार को तीन जगह बिजली चोरी पकड़ी। मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा के मुताबिक टीम ने डिप्टी पड़ाव में मो .शकील, खुशनुमा खातून और बांसमंडी में तनवेज अहमद को बिजली चोरी करते पकड़ा, जिनके खिलाफ बिजली चोरी की एफआईआर दर्ज की गई। लोगों को बिजली चोरी न करने के लिए जागरूक भी किया गया।

### जीटी रोड पर दशकों पुरानी यातायात समस्या से छुटकारा दिलाने की तरफ बढ़े कदम

# शहर जल्द भरेगा उड़ान जाम का होगा समाधान

- गोल चौराहा से रामादेवी तक एलीवेटेड रोड का 25 मई को गडकरी करेंगे शिलान्यास
- अनवरगंज से मंधना एलीवेटेड रेलवे ट्रैक की भी जल्दी ही रखी जाएगी आधारशिला
- अगले लोकसभा चुनाव से पहले बदला नजर आएगा शहर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर को डबल इंजन सरकार की सबसे बड़ी सौगात मिलने जा रही है। जीटी रोड पर दशकों पुरानी यातायात जाम की समस्या के समाधान का रास्ता जमीन पर उतर गया है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी 25 मई को जीटी रोड के ऊपर गोल चौराहा से रामादेवी तक बनने वाली करीब 11 किमी लंबी एलीवेटेड रोड परियोजना का शिलान्यास करेंगे।

इसी क्रम में फर्रुखाबाद रेलवे लाइन पर अनवरगंज से मंधना तक जीटी रोड के समानांतर एलीवेटेड रेलवे ट्रैक के निर्माण को लेकर भी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। माना जा रहा है कि इस परियोजना की भी आधारशिला जल्दी ही रखी जा सकती है। गोल चौराहा से रामादेवी तक एलीवेटेड रोड परियोजना डीपीआर में बार-बार बदलाव के कारण बीते दो वर्षों से आकार नहीं ले पा रही थी। पिछले वर्ष दिसंबर माह में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने डिजाइन और तकनीकी बिंदुओं के परीक्षण के बाद डीपीआर पर अंतिम रूप से सैद्धांतिक सहमति प्रदान की थी। इसके बाद पीडब्ल्यूडी एनएच ने एलीवेटेड रोड के निर्माण के लिए वन एवं पर्यावरण के साथ रेल मंत्रालय से अनापत्ति लेने की प्रक्रिया आरंभ की थी, जो लगभग पूरी की जा चुकी है। ढाई माह पूर्व केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इस एलीवेटेड रोड के निर्माण के लिए 988.30 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किए जाने की जानकारी दी थी। अब मंत्रालय में टेंडर फाइनल करने की प्रक्रिया चल रही है।



इसी जीटी रोड पर गोल चौराहे से रामा देवी तक बनेगी एलीवेटेड रोड। अमृत विचार

### रोज 80 हजार वाहनों का दबाव

- वर्तमान में जीटी रोड शहर के यातायात की लाइफलाइन होने के बावजूद न सिर्फ प्रमुख चौराहों पर जाम का शिकार रहती है, बल्कि बगल से गुजरने वाली फर्रुखाबाद रेलवे लाइन पर ट्रेनों के आवागमन के दौरान क्रासिंग बंद होने पर स्थिति विकराल हो जाती है। आंकड़ों के मुताबिक शहर के भीतर से गुजरने वाली जीटी रोड पर प्रतिदिन करीब 80 हजार वाहन गुजरते हैं जिनमें कार, ऑटो और दोपहिया वाहन के साथ ही बस, ट्रक व डंपर जैसे भारी वाहन भी शामिल रहते हैं। रोजाना करीब डेढ़ लाख लोग इस मार्ग का उपयोग करते हैं। ऐसे में जहां टाटमिल, झकरकटी में रोज घंटों जाम लगता है। वहीं जरीबचौकी, गुमटी, कोकाकोला चौराहा पर यातायात फंसाव खासा दुरुह हो जाता है। इस समस्या को देखते हुए झकरकटी बस अड्डा, जरीब चौकी और सीओडी क्रासिंग से एलीवेटेड रोड पर चढ़ने और उतरने के लिएरैंप बनाए जाएंगे।

### जरीब चौकी पर बनेगा शहर का पहला फ्लाईओवर चौराहा

- जरीब चौकी पर बनने वाला सेतु निगम का फ्लाईओवर और एलीवेटेड रोड एक दूसरे को क्रॉस करेंगी। ऐसे में जरीब चौकी पर बनने वाले रेलवे ओवरब्रिज को एलीवेटेड रोड से जोड़ने की योजना है। पहले एलीवेटेड रोड को इस ओवरब्रिज के ऊपर से गुजारने का विचार था। इस से जरीब चौकी पर शहर का पहला फ्लाईओवर चौराहा बनेगा।

### एलीवेटेड रोड और ट्रैक से खत्म होगा जाम का झाम

- अनवरगंज के समीप से मंधना तक एलीवेटेड रेलवे ट्रैक और रामादेवी से गोल चौराहा तक एलीवेटेड रोड बनने से जीटी रोड पर लगने वाला जाम लगभग खत्म हो जाएगा। एलीवेटेड रेलवे ट्रैक बनने से शहर को दो हिस्सों में बांटने वाली रेलवे लाइन खत्म हो जाएगी। उधर, गोल चौराहा से रामादेवी की ओर जाने वाला ट्रैफिक एलीवेटेड रोड पर शिफ्ट हो जाएगा।




जरीब चौकी क्रॉसिंग पर आरओबी निर्माण का विरोध करते इलाकाई व्यापारी और दुकानदार। अमृत विचार

# व्यापारियों ने विरोध में बंद रखीं दुकानें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जरीबचौकी क्रासिंग पर बनने वाले रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण के विरोध में भूमिपूजन के दिन शुक्रवार को व्यापारियों ने अपनी दुकानों को बंद रखा। दुकानों के बाहर वह एकत्र रहे, लेकिन भूमिपूजन के मंच तक नहीं गए। हालांकि इसबीच कुछ लोगों ने बात करने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बनी। जरीबचौकी व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय मिश्रा ने बताया कि व्यापारी निर्माण होने वाले आरओबी के खिलाफ बिल्कुल भी नहीं है, बल्कि आरओबी की जो डिजाइन तैयार की गई है, उसके खिलाफ व्यापारियों की नाराजगी है। अगर आरओबी की डिजाइन में बदलाव नहीं किया गया तो व्यापारियों का व्यापार पूरी तरह से चौपट हो जाएगा और दुकानें बंद करने की नौबत आ जाएगी। डिजाइन के बदलाव के लिए पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी को ज्ञापन दिया गया था, तब आरओबी के डिजाइन दूसरी थी, लेकिन अब उसमे बदलाव कर दिया गया है। मांग है ऐसी डिजाइन बनाई जाए, जिससे व्यापारियों का व्यापार न चौपट हो सके।



जरीब चौकी में आरओबी निर्माण के विरोध में बंद दुकानें। अमृत विचार

**मंच की वजह से लगा भीषण जाम :** सीसामऊ थाने के पास लगाए गए मंच की वजह से सुबह लेकर शाम तक जीटी रोड पर जाम की काफी समस्या उत्पन्न हो गई। यह हाल तब रहा है, जब यातायात विभाग ने मार्ग का रूट डायवर्जन शुक्रवार को किया था, लेकिन बावजूद यातायात पुलिस कर्मी इसको अमल नहीं करा सके, जिसकी वजह से हजारों वाहन सवार लोगों को सुबह लेकर शाम तक जाम की समस्या का सामना करना पड़ा। जीटी रोड व कालपी रोड पर जाम लगने हजारों लोगों को गर्मी में पसीने से तर होना पड़ गया।



तिलक हाल में बैठक करते महानगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी। अमृत विचार

# कांग्रेसी बोले, आरओबी से दुकानदारों की छिनेगी रोजी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कांग्रेस महानगर की बैठक में जल्दबाजी वाला कदम बताया

**अमृत विचार।** जरीब चौकी क्रॉसिंग पर रेलवे ओवरब्रिज निर्माण को लेकर सियासत शुरू हो गई है। कांग्रेसियों ने इसे जल्दबाजी में उठाया गया कदम बताते हुए कहा कि ब्रिज निर्माण से लगभग 250 दुकानदारों की रोजी-रोटी छिन जाएगी। ऐतिहासिक शिव मंदिर की भी पहचान मिट जाएगी।

महानगर कांग्रेस की जरीब चौकी ब्रिज निर्माण को लेकर तिलक हाल में बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष पवन गुप्ता ने भाजपा सांसद द्वारा भूमि पूजन पर असहमति व्यक्त की और इसे जबरदस्ती थोपे जाने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि जल्दबाजी में क्षेत्रीय लोगों से सामंजस्य स्थापित किए बिना यह कदम उठाया जा रहा है। उन्होंन कहा कि भाजपा ने जबरदस्ती श्रेय लेने के लिए यह कदम उठाया है। यहां ऐतिहासिक शिव मंदिर और लगभग 250 दुकानदारों को बर्बाद किया जा रहा है। मंदिर में 1934 में बापू भी आए थे और यहां जनसभा की थी। बिना स्थानांतरित किए मंदिर को तोड़ना गलत होगा।दुकानदारों की रोजी-रोटी और लोगों की भावनाओं का ध्यान रखा जाए। बैठक मेंहर प्रकाश अग्निहोत्री, प्रतिभा अटल पाल , शंकर दत्त मिश्रा, इकबाल अहमद, सुरेश बक्शी ,पदम मोहन मिश्रा, राकेश साहू, अजय श्रीवास्तव शीलू, विवेक पाल ,विनोद अवस्थी, अमित अग्निहोत्री, हाशिम मदारी आदि मौजूद रहे।

# 24 घंटे में बढ़ गया 6 डिग्री तापमान

कानपुर। मई की शुरुआत में गर्मी से राहत के दिन बीत गए। पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने के बाद शुक्रवार को तापमान ने तेजी से उछाल मारी। 24 घंटे में पारा लगभग 6 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि शहर में 11 तक तापमान में क्रमिक बढोतरी की संभावना है।

शहर में सुबह से आसमान साफ रहा। धूप ने अपना असर दिखाया। दोपहर बाद धूप की वजह से तापमान में बढ़ोतरी हुई। गुरुवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह बढघूक्र शुक्रवार को 35.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस तरह से सिर्फ 24 घंटे के भीतर ही तापमान ने लगभग 6 डिग्री सेल्सियस की बढोतरी दर्ज की। मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि अगले 2 दिनों में कानपुर के मौसम में तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी देखी जाएगी। आसमान मुख्य रूप से साफ या आंशिक बादलों वाला रहेगा। 9 और 10 मई अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच गर्मी सबसे ज्यादा महसूस होगी।

# रामपुर भीमसेन व काशीपुर गांव बनेंगे सोलर मॉडल

कार्यालय संवादाता, कानपुर

- घर-घर रूफ टाप और ईवी चार्जिंग के प्वाइंट बनेंगे
- दिल्ली की वसुधा फाउंडेशन को डीपीआर बनाने का जिम्मा

**अमृत विचार।** कानपुर नगर व देहात जिले के दो गांवों को सौर ऊर्जा का मॉडल बनाया जाएगा। नगर के रामपुर भीमसेन व देहात जिले के काशीपुर को शामिल किया गया है। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत चयनित मॉडल सोलर गांवों की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने की जिम्मेदारी वसुधा फाउंडेशन को सौंपी गई है।

गांवों में ईवी चार्जिंग प्वाइंट का नया विकल्प दिया जाएगा। गलियों को सौर ऊर्जा से रोशन किया जाएगा। योजना का मुख्य लक्ष्य चयनित गांवों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है।

मॉडल सोलर विलेज के रूप में विकसित होने के बाद, इन गांवों में बिजली की खपत के लिए सौर ऊर्जा का व्यापक उपयोग होगा, जिससे न केवल पर्यावरण का संरक्षण होगा बल्कि ग्रामीणों को मुफ्त या बेहद सस्ती बिजली मिल सकेगी।

नेडा के पीडी राकेश पांडेय ने बताया कि डीपीआर बनाने के बाद ही तय होगा कि गांवों में कितनी यूनिट बिजली बनेगी। ग्रामीणों को कितना लाभ होगा। यूपीनेडा के निदेशक इंद्रजीत सिंह ने वसूधा फाउंडेशन के एसोसिएट डायरेक्टर जयदीप सारस्वत को गांवों की डीपीआर तैयार करने के लिये पत्र लिखा है।

### तैयार होगा पूरा ब्यौरा

डीपीआर बनाने के लिए इंजीनियर गांवों का निरीक्षण करने के बाद घरों की गिनती करेंगे। बिजली के कनेक्शन, प्रत्येक घरों में प्रयोग होने वाले उपकरण, रोजाना बिजली की खपत, हर घर का बिजली का बिल डाटा एकत्रित किया जाएगा। इसके आधार पर किस घर में कितने पैनल लगने हैं, उसकी रिपोर्ट तैयार की जाएगी। पीडी ने बताया कि इलेक्ट्रिक व्हीकल तेजी से लोग खरीद रहे हैं तो उसका भी ध्यान डीपीआर में रखा जाएगा। डीपीआर बनने के बाद कार्बन उत्सर्जन घटने का डाटा भी बनेगा।

**बढ़ेगा कुनबा** | प्राणी उद्यान में नौ साल के युवा शेर का अकेलापन दूर करेगी चार साल की खूबसूरत शेरनी

# कानपुर के शंकर की संगिनी बनेगी इंदौर की शेरनी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शेर अजय और शेरनी नंदिनी पूरी कर चुके औसत उम्र, अब ब्रीडिंग की संभावना कम
- सेंट्रल जू अथॉरिटी ओर से कानपुर और इंदौर जू में वन्यजीवों की अदला-बदली को मिली मंजूरी

**अमृत विचार।** प्राणी उद्यान में जल्द ही एक खास मेहमान आने वाला है। चिड़ियाघर के युवा शेर शंकर के लिए इंदौर जू से खूबसूरत शेरनी लाई जा रही है, जो इसी माह के अंत तक यहां आ जाएगी। प्राणी उद्यान प्रशासन इस नई जोड़ी को लेकर खासा उत्साहित है। सेंट्रल जू अथॉरिटी ने कानपुर और इंदौर जू के बीच वन्यजीवों की अदला-बदली को मंजूरी दी है। इसके तहत इंदौर से शेरनी कानपुर आएगी, जबकि



कानपुर जू से एक दरियाई घोड़ा (हिप्पो) इंदौर भेजा जाएगा।

प्राणी उद्यान में करीब 10 साल बाद किसी नई शेरनी की एंट्री होने जा रही है। इस समय यहां शेर अजय, शेरनी नंदिनी और उनके शावक उमा व शंकर मौजूद हैं। अजय और नंदिनी अब अपनी औसत उम्र के करीब पहुंच चुके हैं, ऐसे में उनसे आगे ब्रीडिंग की संभावना काफी कम मानी जा रही है। इसी कारण प्राणी उद्यान प्रशासन ने युवा शेर शंकर के लिए नई शेरनी लाने की योजना बनाई थी।

प्रशासनिक अफसर नावेद इकराम ने बताया कि शंकर की उम्र करीब नौ साल है, वह पूरी तरह स्वस्थ है। इंदौर से आने वाली शेरनी की उम्र चार से पांच साल के बीच है। अधिकारियों को उम्मीद है कि दोनों के बीच अच्छी बॉन्डिंग बनेगी और आने वाले समय में उद्यान में नन्हे शावकों की किलकारियां सुनाई देंगी।

**शेरों की नई पीढ़ी होगी तैयार:** प्राणी उद्यान प्रशासन के अनुसार वर्तमान में शेर अजय की उम्र करीब साढ़े 18 साल हो चुकी है, जबकि शेरों की औसत उम्र करीब साढ़े 16 साल मानी जाती है। शेरनी नंदिनी भी 16 साल की हो चुकी है। इसी कारण पूरा फोकस नई पीढ़ी तैयार करने पर है। अधिकारियों का कहना है कि शंकर और नई शेरनी की जोड़ी के मिलन से यहां शेरों का परिवार फिर बढ़ सकता है।

## सिटी ब्रीफ

### सड़क हादसे में मजदूर की मौत

कानपुर। नर्वल में सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। सेमरझाल निवासी 38 वर्षीय राजेश मजदूरी करता था। परिवार में पत्नी नीलम, दो बेटे नमन व प्रिंशू हैं। बड़े भाई गंगाराम, राकेश ने बताया कि बीती चार मई को राजेश लाल बंगला के पास मजदूरी करने गया था। वहां से लौटते समय टॉस चौराहा के पास उसकी बाइक साइकिल सवार से टकरा गई। राजेश बाइक लेकर सड़क पर गिर गया था। सिर व शरीर पर गंभीर चोट आने पर उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां गुरुवार रात उसकी मौत हो गई।

### घर में घुसकर मां-बेटे को पीटा, रिपोर्ट

कानपुर। बाबूपुरवा में पुरानी रंजिश में पड़ोसी ने यासमीन बेगम के घर में घुसकर बुधवार सुबह मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि सैफ अली उर्फ राजा घर में घुस आया और बेटे मोनिस को पीटने लगा। बीच-बचाव करने वह पहुंचीं तो उन्हें व उनकी बहू महनाज को भी पीटा। मारपीट में मोनिस के सीने में चोट आई, जबकि यासमीन के बाल नोचे। शोर सुनकर पहुंचे मोहल्ले के लोगों ने बीच-बचाव कराया। थाना प्रभारी अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर दुष्कर्म

कल्याणपुर। बिल्हौर निवासी महिला के अनुसार आवास विकास निवासी जीतपाल उर्फ दीपू से उसकी जान-पहचान है। कुछ दिन पहले जीतपाल व उसकी पत्नी ने उसे झांसा देकर अपने घर बुलाया। आरोप है कि घर पहुंचने पर जीतपाल ने उसे नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर उसे बेसुध कर दिया। जिसके बाद शातिर ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान शातिर की पत्नी ने घटना का वीडियो बना लिया। होश आने पर जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपी दंपती ने उसकी अश्लील फोटो व वीडियो को वायरल करने की धमकी दी। कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी दंपती के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### बाइक सवार युवकों ने पीटा, मुकदमा

कानपुर। जाजमऊ में बाइक सवार आधा दर्जन युवकों ने कार से जा रहे युवक को रोका और मारापीटा। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने उन्हें बेवजह पीटा है। जाजमऊ के डिफेंस कालोनी निवासी सादान के अनुसार बीती पांच मई की रात करीब दस बजे वह अपने दोस्त अदन के साथ कार से घर के पास ही जा रहे थे। तभी तीन बाइक पर सवार आधा दर्जन युवकों ने कार को रोका और फिर कार का शीसा पीटते हुए पूछा कि उनका साथी सादान कहां है। फिर बात करते हुए आरोपियों ने उनकी कार की चाबी निकाल ली। जिसके विरोध पर मारपीट की। जिससे उसे गंभीर चोट आई। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों में तीन युवक अमान, नदीम और फौजान हैं। जाजमऊ थाना प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### लेनदेन के विवाद के बाद किया सुसाइड

कानपुर। हनुमंत विहार में लेनदेन के विवाद के बाद युवक ने फंदे से लटककर जान दे दी। शव फंदे से लटका देख परिजन बिलख पड़े। सूचना पर पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम भेजा। बौद्धनगर निवासी शशिकांत का 26 वर्षीय बेटा मयंक शुक्ला मजदूरी करता था। परिजनों के अनुसार मयंक का लेनदेन को लेकर बहनों से विवाद हुआ था। उसी नाराजगी में उसने यह कदम उठाया है। गुरुवार रात वह कमरे में सोने गया, तभी फंदे से लटक गया। सुबह शव लटका देखकर परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

### हिस्ट्रीशीटर ने युवक पर की फायरिंग

कानपुर। शास्त्रीनगर में गुरुवार देर रात हिस्ट्रीशीटर ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक पर दो बार फायरिंग की। जिसमें वह बाल बाल बच गया, जबकि फायरिंग से इलाके में दहशत फैल गई। पीड़ित के पिता ने काकादेव थाने में तहरीर देकर हिस्ट्रीशीटर समेत पांच लोगों पर रिपोर्ट कराई है। शास्त्रीनगर निवासी राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि उनका बेटा हितेंद्र गौरव श्रीवास्तव उर्फ मोनू नेता घर के बाहर खड़ा था। इस दौरान उसका दोस्त शिवम गुप्ता उसे बुलाने आया। आरोप है कि तभी काकादेव निवासी हिस्ट्रीशीटर मिथिलेश धोबी अपने पांच साथियों के घर के बाहर आ धमका और हितेंद्र पर दो बार फायरिंग की। गनीमत रही कि गोली नहीं लगी।

# विमान और पायलट बनेंगे, पर हवाई सेवाएं नदारद

जनता का मुद्दा

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

- शहर में एयरोनॉटिक्स केंद्र और पायलट ट्रेनिंग सेंटर की कवायद के बीच उड़ानें हुईं कम

**03** किलोमीटर दूर आधुनिक टर्मिनल से उड़ानें शुरू

**अमृत विचार।** एक ओर शहर को एयरोनॉटिक्स क्षेत्र में देश का पहला केंद्र बनाने की पहल हो रही है, और पायलट ट्रेनिंग सेंटर खोलने की भी कवायद चल रही है, लेकिन इसके दूसरी ओर देश के हवाई मानचित्र पर कानपुर एयरपोर्ट से उड़ानों पर ग्रहण लग रहा है। दो दशक से शहरवासियों को प्रमुख शहरों के लिए हवाई यात्रा के सुनहरे ख्वाब दिखाकर बड़े-बडे.दावे किये जा रहे हैं लेकिन सच्चाई यह है कि शहर से जो विमान उड़ान भर रहे हैं, उनकी संख्या में भी धीरे-धीरे कटौती की जा रही है।

कानपुर से इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट हैदराबाद, बेंगलुरू, दिल्ली और मुंबई के लिए उड़ान भरती हैं, इसमें दिल्ली और मुंबई की उड़ान प्रतिदिन है। लेकिन अजब-गजब बात है कि दिल्ली वाली फ्लाइट बंद कर दी गयी है और उसके स्थान पर मुंबई वाले विमान को ही मुंबई से कानपुर, कानपुर से दिल्ली फिर दिल्ली से कानपुर और कानपुर से मुंबई भेजा जा रहा है।




### एक विमान और चार उड़ान

- मुंबईसे 229 यात्रियों को लेकर विमान प्रात: 11.44 बजे कानपुर पहुंचा। कानपुर से 182 यात्री लेकर ये विमान मुंबई वापस जाने के बजाए दोपहर 12.31 बजे दिल्ली चला गया। दिल्ली से विमान 189 यात्रियों को लेकर दोपहर 3.51 बजे कानपुर पहुंचा और कानपुर से 146 यात्री लेकर सायं 4.41 बजे मुंबई के लिए उड़ान भरी।

### 12 साल में भी नहीं जुड़ सके 15 शहर

- कानपुर एयरपोर्ट जब चकेरी में था तो ये तर्क दिया जाता था कि यात्री सुविधाएं नहीं है, रनवे छोटा है लेकिन ढाई साल पहले चकेरी से 3 किमी दूर आधुनिक टर्मिनल से उड़ानें शुरू हो गई हैं। लेकिन विमान सेवा में कोई वृद्धि नहीं हो सकी है। शुरू में एयर इंडिया और अकासा एयरलाइंस ने कानपुर से उड़ान में दिलचस्पी दिखाई, लेकिन बाद में दोनों एयरलाइंस ने हाथ खींच लिया।

# मायके में रह रही महिला को पति ने जलाया, हालत गंभीर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पति के साथ रहने से मना कर पांच माह से मायके में थी महिला
- जुम्मे की नमाज के दौरान घर पहुंचा आरोपी पति, जलाकर भागा

**अमृत विचार।** बाबूपुरवा में मायके में रह रही महिला ने पति के साथ रहने से मना किया तो पति ने उसे घर में घुसकर ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर जला दिया। घटना शुक्रवार दोपहर जुम्मे की नमाज के दौरान की है। घटना के बाद आरोपी पति फरार हो गया। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे परिजन व पड़ोसियों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और महिला को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

बाबूपुरवा इलाके की रहने वाली गुलफशां का निकाह पांच साल पहले बेगमपुरवा के हसीनों की गली निवासी शीबू से हुआ था। इन दोनों का पांच वर्ष का बेटा अशान है। बहन सलमा के अनुसार शीबू आएदिन उसकी बहन गुलफशां के साथ मारपीट करता था। करीब पांच माह पहले वह बहन को छोड़कर चला गया था। बेटे अशान को अपने साथ ले गया था। तभी से गुलफशां मायके में रह रही थी। दो दिन पहले शीबू वापस ससुराल पहुंचा और पत्नी को साथ ले जाने की बात कही। उसने अपनी गलती मानते हुए ठीक से साथ में रहने का भरोसा भी दिया। इसके बाद भी गुलफशां उसके साथ जाने से तैयार नहीं थी।

इसी बात से नाराज होकर शुक्रवार दोपहर जुम्मे की नमाज के दौरान शीबू ससुराल पहुंचा। परिवार के लोग उस समय घर के बाहर थे। गुलफशां घर में अकेली थी। इसी का फायदा उठाकर उसने कोई ज्वलनशील पदार्थ डालकर उसे आग लगा दी। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह आग बुझाई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। बाबूपुरवा थाना प्रभारी अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# खंडहर में बुला कपड़ा कारोबारी की हत्या

## फीलखाना थाना क्षेत्र के तीन मंजिला खंडहर में मिला शव, सिर पर भारी वस्तु से किया गया प्रहार


पुलिस अधिकारियों को जानकारी देते परिजन। अमृत विचार


शव मिलने के बाद बिलख पड़े परिवार के लोग। अमृत विचार

- दुकान में बैठे कारोबारी को हत्यारोपियों ने फोन करके बुलाया
- फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य, पुलिस कैमरे खंगालने में जुटी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** फीलखाना थानाक्षेत्र स्थित तीन मंजिला खंडहर में कपड़ा कारोबारी का शव मिलने से हड़कंप मच गया। कारोबारी के सिर पर भारी प्रहार कर उसकी हत्या की गई। इलाके की महिला ने सबसे पहले कारोबारी का शव देखा। भीड़ से कारोबारी की पहचान होने पर उसके बड़े भाई को सूचना दी गई। आनन-फानन में उसे उर्सला अस्तपाल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी है। फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य।


विजय चौरसिया।

सिरकी मोहाल निवासी कपड़ा कारोबारी 40 वर्षीय विजय चौरसिया की चूड़ी मार्केट शिवाला बाजार में होजरी व अंडरगारमेंट की दुकान है। परिवार में मां मीरा देवी, पत्नी नेहा व दो बच्चे वैभव व अनवी हैं। विजय के बड़े भाई अजीत व अजय भी कपड़े का कारोबार करते हैं। भाइयों ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब छह बजे विजय दुकान पर बैठे थे, इसी बीच उसके मोबाइल पर किसी की कॉल आई। इस पर वह बात करते हुए दुकान से निकल गया। कुछ देर पहले ही वह माल लेकर आया था। अजीत के अनुसार विजय किसी से कुछ बताकर नहीं गया था। रात करीब आठ बजे बवई सिंह का हाता स्थित एक तीन मंजिला खंडहर में पहली मंजिल पर इलाके की एक महिला ने विजय का रक्तरंजित शव देखा तो चींख पड़ी। वह शोर मचाते हुए बिल्डिंग से बाहर की तरफ भागी। उसने मोहल्ले के एक युवक को बताया। भीड़ जुटने पर कारोबारी की पहचान हुई।

### मोबाइल नंबर की जांच में जुटी पुलिस

- इसी बीच सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। तत्काल विजय को उर्सला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार विजय की किसी से रंजिश थी या व्यापारिक प्रतिद्वंदिता इस बारे में पता किया जा रहा है। उसकी हत्या क्यों की गई इसकी जानकारी नहीं है। फीलखाना पुलिस के अनुसार आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। लेनदेन, रंजिश और मोबाइल नंबर के बारे में पता लगाया जा रहा है।


पत्रकारों से बात करते न्यायिक अधिकारी। अमृत विचार

# राष्ट्रीय लोक अदालत आज, निपटेंगे वाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सुबह 10 बजे से शाम 5 तक वाहन दुर्घटना, घरेलू कलेश के मामले सुलझेंगे
- फौजदारी में सभी प्रकार के शमनीय आपराधिक मामलों के निस्तारण की सुनवाई होगी

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की ओर से शनिवार को न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित वादों का निपटारा कराया जाएगा। जिन वादों में आपसी सहमति से बात बनेगी, वह सुलह-समझौते से निपटाए जाएंगे।

अपर जिला जज निशा श्रीवास्तव ने पारिवारिक विवादों पर जोर देते हुए कहा कि लोक अदालत केवल मुकदमे खत्म नहीं करती, बल्कि टूटे हुए रिश्तों को जोड़ने का माध्यम भी है। पति-पत्नी के विवाद और भरण-पोषण जैसे मामलों में यहां संवाद के जरिए समाधान निकाला जाता है। नोडल अधिकारी अपर जिला जज रश्मि सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अदालत में मोटर दुर्घटना वाद और ट्रैफिक चालान से जुड़े मामलों की सुनवाई होगी। बैंक ऋण वसूली, चेक बाउंस और आयकर विवाद, बिजली, जलकर, राजस्व और श्रम संबंधी मामले सुने जाएंगे।

वहीं फौजदारी में सभी प्रकार के शमनीय (कम्पाउंडेड) आपराधिक मामलों का भी निस्तारण की सुनवाई होगी। अपर जिला जज संजय वर्मा और सुभाष सिंह ने बताया कि लोक अदालत में आपसी समझौते से लिया गया निर्णय अंतिम होता है, जिसके विरुद्ध सामान्य तौर पर अपील नहीं की जा सकती। इससे पक्षकारों को अदालतों के चक्करों और खर्च से छुटकारा मिलता है।

### घर से नकदी-जेवर चोरी, जीजा पर केस

कानपुर। यशोदानगर एस ब्लॉक निवासी प्रीति शुक्ला के अनुसार बीती 26 अप्रैल को वह रिश्तेदार के यहां ग्वालियर गई थीं। उनकी मां अनीता शुक्ला, छोटी बहन मुस्कान के पनकी स्थित घर चली गई थीं।

इसी दौरान चोरों ने बंद मकान में घुसकर अलमारी तोड़ दी और लॉकर में रखे 1.80 लाख रुपये व करीब डेढ़ लाख के जेवर चोरी कर ले गए। 28 अप्रैल को लौटने पर घर का सामान बिखरा पड़ा मिला। आसपास के लोगों ने बताया कि उनके न रहने पर बहनोई सोनू डेविड को घर के आसपास देखा गया था। पुलिस जांच कर रही है।

# सीबीआई अफसर बनकर 13 लाख के जेवर लूटे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ज्वैलर्स के हाथ में बैग देखकर कहा, सूचना मिली है, बम लेकर घूम रहे हो
- साथी कर्मचारी के विरोध करने पर जड़े थप्पड़ और भाग निकले
- फीलखाना क्षेत्र में हुई वारदात, आसपास के कैमरे खंगाल रही पुलिस

**अमृत विचार।** फीलखाना में सीबीआई अफसर बनकर शातिरों ने सर्राफ के रास्ते में रोककर बैग की तलाश ली। कहा सूचना मिली है कि बैग में बम लेकर घूम रहे हो। कर्मचारी ने विरोध किया तो उसे थप्पड़ भी जड़े। शातिर बैग में रखा जेवर का बाक्स लेकर फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार बाक्स में 13 लाख का जेवर था। पीड़ित की शिकायत पर फीलखाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पनकी के सी ब्लॉक निवासी अवनीश मिश्रा की पनकी पॉवर हाउस में त्रिमुर्ति ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। अवनीश ने बताया कि बिरहाना रोड स्थित एक दुकान में मरम्मत व फिनिशिंग के लिए उन्होंने जेवर दिए थे। गुरुवार शाम करीब सवा सात बजे वह जेवर लेकर साथी कर्मचारी आशीष के साथ घर जा रहे थे। रास्ते में कृष्णा ज्वैलर्स के सामने एक शातिर ने उन्हें रोका और कहा हमारे साथ चलो, साहब बुला रहे हैं।

शातिर हाथ पकड़कर अपने दूसरे साथी के पास ले गया, जहां खड़े व्यक्ति ने खुद को सीबीआई अफसर बताया। सामने पहुंचते ही उसने कहा कि सूचना मिली है कि तुम लोग बैग में बम लेकर घूम रहे हो। लाओ बैग चेक कराओ। उसने जबरन बैग छीन लिया। इस पर आशीष ने विरोध किया तो उसने बेधड़क उसे तीन थप्पड़ जड़ दिए। इसके साथ ही उसे चुप रहने की चेतावनी दी। इस दौरान बैग के अंदर रखा बाक्स उसने पार कर लिया, लेकिन उन लोगों को भनक नहीं लग सकी।

चेकिंग के दौरान अवनीश बैग छीनकर कृष्णा ज्वैलर्स की दुकान में घुस गया। दुकानदार को मामले की जानकारी दी। जब वह लोग बाहर निकले तो देख आरोपी भाग चुके थे। अवनीश ने बताया कि बाक्स में सोने के दो हार, चार कंगन, नथुनी समेत करीब 13 लाख के जेवर थे, जिसे लूटकर शातिर फरार हुए हैं। फीलखाना थाना प्रभारी ने बताया कि घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों का पता लगाया जा रहा है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### डंपर व कंटेनर भिड़े

कानपुर। जाजमऊ फ्लाईओवर पर गुरुवार रात डंपर चालक की लापरवाही से वाहन भिड़ गए। लंबा जाम लग गया। डंपर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। जिससे उसके पीछे चल रहा दूसरा मौरंग लदा डंपर व कंटेनर पीछे से घुस गए। हाईवे पर तीन दुर्घटनाग्रस्त वाहनों से लंबा जाम लग गया। किनारे से रेंगकर वाहन निकलते रहे। पुलिस ने हादसे में घायल दो लोगों को अस्पताल भेजा।

**सहायक आयुक्त राज्य कर, सचल दल द्वितीय इकाई कानपुर।**

पत्रांकः 25/2026–27/सहा0आयु0रा0 क0स0द0 द्वितीय इकाई, कानपुर दिनांक 02/05/2026

इस कार्यालय में, अभिग्रहीत वाहन संख्या HR38AB5783 में लोड माल PERCHOON (बिल्टी संख्या–15747, 5 नग, स्टेशनरी गुड्स (मात्रा–925 पीस), बिल्टी संख्या–20724, 4 नग, एस.एस. सिंक, (मात्रा–32 पीस), बिल्टी संख्या–72263, 1 नग, मिक्स ट्वायज (मात्रा–600 पीस) कुल नग–10, कुल मात्रा 1557 PCS की नीलामी दिनांक 18.05.2026 को होनी है।

**(एकता सिंह)**
सहायक आयुक्त राज्य कर,
सचल दल द्वितीय इकाई कानपुर।

नया जीवन मिला | स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में यूरोगाइनेकोलॉजी के निदान की हुई लाइव कार्यशाला

# किशोरी की बच्चेदानी का बनाया रास्ता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में शुक्रवार को यूरोगायनेकोलॉजी लाइव सर्जिकल वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें 10 ऐसे मरीजों को शामिल किया गया, जिनको यूरोगायनेकोलॉजी संबंधी समस्या थी। 16 वर्षीय किशोरी को भी शामिल किया गया, जिसे जन्म से बच्चेदानी का रास्ता नहीं था। मासिक धर्म का रक्त तीन साल से अंदर ही एकत्र होने से परेशानी बढ़ रही थी। कार्यशाला में नई तकनीक से बच्चेदानी का रास्ता बनाकर किशोरी को जीवनदान दिया गया।

इंडियन मेनोपॉज सोसाइटी, कानपुर मेनोपॉज सोसाइटी व जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग द्वारा आयोजित यूरोगायनेकोलॉजी वर्कशॉप में ओडिशा कटक से यूरोगायनी विशेषज्ञ डॉ.हारा पटनायक व अहमदाबाद से डॉ.विनीत मिश्रा शामिल हुए, इन्होंने ऑपरेशन थिएटर में विभिन्न जटिल यूरोगायनी प्रक्रियाओं का लाइव प्रदर्शन किया। सैक्रोस्पाइनस फिक्सेशन, फोदरगिल्स रिपेयर, सैक्रोहिस्टेरोपेक्सी, एनडीवीएच स्यूचरलेस, सैक्रोकोल्पोपेक्सी और टीवीटी व टीओटी आदि नई सर्जिकल विधियों से संबंधित मरीजों का ऑपरेशन कर उनकी बीमारियों का निदान किया।


कार्यशाला में शामिल प्राचार्य प्रो.संजय काला, यूरोगाइनेकोलॉजिस्ट, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ व जेआर। अमृत विचार

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो.संजय काला ने बताया कि यह कार्यशाला डॉक्टरों व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी, क्योंकि इसमें आधुनिक सर्जिकल तकनीकों का प्रत्यक्ष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त डॉक्टर नई तकनीकों का इस्तेमाल अन्य मरीजों की जान बचाने के लिए भी कर सकते हैं। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रेनू गुप्ता ने बताया कि कार्यशाला में ऑपरेशन के लिए ऐसी महिलाएं शामिल की गई थी, जिनको बच्चेदानी संबंधित समस्या और मूत्र रोग की दिक्कत थी।

गर्भाशय, मूत्राशय या मलाशय का अपनी जगह से खिसककर लटक जाना, खांसने, छींकने या हंसने पर पेशाब छूटना या अचानक तेज पेशाब लगना, बार-बार पेशाब आने समेत आदि समस्या थी, उनका सफलता पूर्वक नई तकनीकों की मदद से ऑपरेशन किया गया। साथ ही नई तकनीकों के संबंध में जूनियर डॉक्टरों को भी जानकारी दी गई। इस दौरान केएमएस अध्यक्ष डॉ. किरण पाण्डेय, सचिव डॉ.शैली अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डॉ.दिव्या त्रिपाठी, संयुक्त सचिव डॉ.पविका लाल, आईएमएस की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.सुधा शर्मा, महासचिव डॉ.ज्योति जायसवाल, यूरोगायनेक कमेटी की चेयरपर्सन डॉ.अंजुला सहाय समेत 150 डॉक्टर, रेजिडेंट्स व स्नातकोत्तर विद्यार्थी शामिल हुए।

### रोजी-रोटी छिनने से आहत दिव्यांग ने कर ली खुदकुशी

कानपुर। गुजैनी में रोजी-रोटी का जरिया बंद होने से दुखी दिव्यांग मैजिक चालक ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस ने जांच-पड़ताल की।

बर्रा आठ निवासी कृष्णकांत शुक्ला (40) मैजिक चालक थे। पत्नी प्रतिभा व दो बच्चे हैं। पिता महेश चंद्र ने बताया कि तीन साल पहले सड़क दुर्घटना में कृष्णकांत का एक हाथ टेढ़ा हो गया था। परिवार चलाने के लिए वह मैजिक चलाने लगा। बीते दिनों चेकिंग के दौरान पुलिस ने उसे पकड़ा और हाथ टेढ़ा देखकर ड्राइविंग के लिए अनफिट बताया। उसका वाहन सीज कर दिया था। तब से वह घर पर ही रह रहा था। रुपयों की तंगी के कारण वह दबाव बना रहा था, दूसरी मैजिक दिला दें। उन्होंने उसे समझाया कि डाइविंग के लिए अनफिट है, कोई भी वाहन चलाएगा तो फिर कार्रवाई होगी। इसी तनाव में वह परेशान था। गुरुवार देर रात उसने पहली मंजिल पर अंगौछा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

**कार्यालय नगर पंचायत गोहाण्ड-हमीरपुर**

पत्रांकः 110 / न0पं0 गो0 / सामान्य (2026–27) दिनांक–08/05/2026

पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अर्न्तगत प्रकाशन

म्यूटेशन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रुकसार पत्नी रहमान निवासी मुहल्ला विवेकानन्द नगर कस्बा गोहाण्ड जनपद हमीरपुर ने दिनांक 06.05.2026 को एक प्रार्थना पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया है कि मेरे द्वारा नगर पंचायत गोहाण्ड में भवन संख्या 433 को प्रार्थिया मधु देवी पत्नी लालदिमान निवासी मुहल्ला विवेकानन्द नगर गोहाण्ड से रजिस्ट्री क्रय कर लिया गया है। उक्त भवन संख्या 433 से मधु देवी पत्नी लालदिमान निवासी मुहल्ला विवेकानन्द नगर गोहाण्ड का नाम खारिज करके उक्त भवन पर प्रार्थी का नाम दर्ज किया जाये।

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अपनी साक्ष्य सहित 30 दिन के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत गोहाण्ड में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि गुजर जाने के बाद किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा और नगर पंचायत गोहाण्ड के अभिलेखों में वार्ड नं0 05 विवेकानन्द नगर में स्थित भवन संख्या 433 से मधु देवी पत्नी लालदिमान निवासी मुहल्ला विवेकानन्द नगर गोहाण्डे का नाम खारिज करके आवेदक का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत गोहाण्ड हमीरपुर

**कार्यालय नगर पंचायत गोहाण्ड-हमीरपुर**

पत्रांकः– 109 / न0पं0 गो0 / सामान्य (2026–27) दिनांक 08/05/2026

पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अर्न्तगत प्रकाशन

म्यूटेशन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रामशरण पुत्र श्री मनोज कुमार निवासी ग्राम–मचहारी तहसील–राठ जनपद हमीरपुर ने दिनांक 05.05.2026 को एक प्रार्थना पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया है कि मेरे द्वारा नगर पंचायत गोहाण्ड में वार्ड नं0 06 राजेन्द्र नगर में प्लाट अशोक कुमार खरे पुत्र बाबुलाल खरे निवासी मुहाल बुधोलियाना कस्बा राठ से रजिस्ट्री क्रय कर लिया गया है। उक्त प्लाट से अशोक कुमार खरे पुत्र बाबुलाल खरे, निवासी– मुहाल बुधोलियाना कस्बा राठ का नाम खारिज करके उक्त प्लाट पर प्रार्थी का नाम दर्ज किया जाये।

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अपने साक्ष्य सहित 30 दिन के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत गोहाण्ड में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि गुजर जाने के बाद किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा और नगर पंचायत गोहाण्ड के अभिलेखों में वार्ड नं0 06 राजेन्द्र नगर में स्थित प्लाट से अशोक कुमार खरे पुत्र बाबुलाल खरे निवासी मुहाल बुधोलियाना कस्बा राठ का नाम खारिज करके आवेदक का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत गोहाण्ड हमीरपुर

## सिटी ब्रीफ

### केस्को के एमडी को जमानती वारंट जारी

कानपुर। शारदा नगर निवासी उपमा शुक्ला ने परिवाद दर्ज कराते हुए आयोग को बताया था कि उनका बिजली का बिल 22 नवंबर 2016 तक जमा था। 13 दिन बाद 5 दिसंबर को बिजली का बिल एक लाख आठ हजार 275 रूपए भेज दिया गया। मीटर ठीक कराने के लिए कई बार शिकायत की, सुनवाई नहीं होने पर उपभोक्ता आयोग पहुंचीं। आयोग ने 27 सितंबर 2019 को बिल रद्द कर नया मीटर लगाने और उसके आधार पर बिल बनाने के आदेश दिए। साथ ही वाद खर्च के रूप में पांच हजार रुपये देने का आदेश दिया। मगर आदेश न मानने पर आयोग ने केस्को एमडी के खिलाफ 10 हजार रुपये का जमानती वारंट जारी कर दिया है।

### सीएसए के छात्रों को इंडोरमा इंडिया में मौका

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छात्रों ने इंडोरमा इंडिया कंपनी में नौकरी हासिल की है। सेवायोजन के निदेशक डा. विजय कुमार यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय के कैम्पस प्लेसमेन्ट में एमबीए एग्री बिजनेस के छात्र अंशुमान सिंह का इंडोरमा इंडिया कम्पनी में मैनेजमेंट ट्रेनी पद पर चयन किया गया है। इस वर्ष इस अन्तर्राष्ट्रीय कम्पनी में सीएसए के कई छात्र इंटर्नशिप के लिए भी प्रस्ताव दिया है। जिसमें लगभग एक दर्जन छात्रों को अवसर मिलेगा। चयनित छात्र को अच्छे पैकेज के साथ-साथ अन्य सुविधाएँ भी दी जाएंगी।

### मिट्टी, जल व पर्यावरण को करें सुरक्षित

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित अनौगी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र पर शुक्रवार को उर्वरकों के संतुलित उपयोग प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानो को संतुलित उर्वरक के प्रयोग के लिए जागरूक करना। कार्यक्रम में केंद्र के अध्यक्ष डॉ वीके कनौजिया ने किसानों को बताया कि फसल उत्पादन क्षमता बढ़ाने, मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाए रखने और लागत कम करने के लिए उर्वरकों का संतुलित मात्रा का प्रयोग करें। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, दलहन अनुसंधान संस्थान की प्रधान वैज्ञानिक डॉ मीनल राठौर ने किसानो को बताया कि उर्वरकों प्रयोग करने से पहले मृदा परीक्षण अवश्य कराए और उसी के अनुसार खाद का प्रयोग करें।

### संतुलित उर्वरक का उपयोग जरूरी

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उर्वरकों के संतुलित प्रयोग विषय पर दिए गए प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ शशीकांत ने किसानों से बुवाई से पहले मृदा परीक्षण कराने की अपील की। उन्होंने बताया कि इससे मिट्टी में पोषक तत्वों की कमी का सही आकलन होता है और उसी आधार पर यूरिया, डीएपी तथा पोटाश का संतुलित उपयोग किया जा सकता है। डॉ दीपक मिश्रा ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरा क्षमता लगातार घट रही है।

### बंगाल में ताजपोशी पर होगा झालमुड़ी उत्सव

कानपुर। पश्चिम बंगाल में पहली बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के उपलक्ष्य में भाजपा कानपुर उत्तर शुक्रवार को उत्सव मनाएगी। जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा ने बताया कि सुबह 10:30 बजे घंटाघर चौराहे पर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल व जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित के नेतृत्व में कार्यकर्ता, व्यापारी एवं आमजन शपथ ग्रहण समारोह का लाइव प्रसारण बड़ी एलईडी स्क्रीन पर देखेंगे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा झालमूड़ी का वितरण भी किया जाएगा।

### महापौर ने दफ्तर में की ऑनलाइन स्वगणना

कानपुर। नगर निगम मुख्यालय में शुक्रवार को महापौर प्रमिला पांडेय ने जनगणना-2027 के तहत ऑनलाइन स्वगणना की। यह प्रक्रिया 21 मई तक चलेगी, जिसमें 33 सवालों के जवाब देने होंगे। महापौर ने सभी नागरिकों से ऑनलाइन जनगणना 2027 करने या जनगणना 2027 में घरों में जानकारी एकत्र करने वाले कर्मियों को पूर्ण जानकारी देने की अपील की। कहा कि जनगणना आंकड़ों से केंद्र व राज्य सरकार को कल्याणकारी योजनाओं को बनाने में सहायता मिलती है। इस कार्य में जनगणना विभाग के प्रभारी जनगणना हिमांशु शुक्ला, सहायक निदेशक दिनेश यादव, अपर नगर आयुक्त जगदीश यादव, फील्ड ट्रेनर अमित मिश्रा, फील्ड ट्रेनर शशांक दुबे ने जनगणना के बारे में जानकारी दी।

# दक्ष होंगे लेदर इंडस्ट्री के कामगार

तैयारी

- अत्याधुनिक मशीनों में काम करने का प्रशिक्षण देगा एचबीटीयू
- तीन और छह महीने के कोर्स का सर्टीफिकेट भी दिया जाएगा
- लेदर इंडस्ट्री को अपडेट किए जाने के लिए नई कवायद की जा रही

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के लेदर सेक्टर से जुड़े श्रमिकों को भी अब एचबीटीयू कुशल कारीगर बनाएगा। इसके लिए कारीगरों को विश्वविद्यालय से तीन महीनों व छह महीनों के कोर्स भी कराए जाएंगे। इस दौरान उन्हें विश्वविद्यालय की ओर से अत्याधुनिक मशीनों में कार्य करने के लिए अपडेट भी किया जाएगा।

एचबीटीयू की ओर से शहर की लेदर इंडस्ट्री को अपडेट किए जाने के लिए नई कवायद की जा रही है। इसके तहत युनिट्स में काम करने वाले कामगारों को अत्याधुनिक मशीनों पर काम करने के तरीके सिखाए जाएंगे। विश्वविद्यालय में आने वाले कामगार भी लेदर युनिट्स के निदेशकों की ओर से सुझाए जाएंगे। विश्वविद्यालय की ओर से बनाई जा रही योजना बोर्ड में रखी जाएगी। इसके लिए प्रस्ताव भी तैयार किया जा रहा है।

बोर्ड की ओर से प्रस्ताव पास होने के तुरंत ही बाद इसे विश्वविद्यालय में लागू कर दिया जाएगा। माना जा रहा है कि इस योजना के शुरू हो जाने के बाद लेदर युनिट्स की मांग और कुशल कामगारों के बीच पैदा हुआ 'गैप' काफी हद तक कम किया जा सकेगा। पूरे मामले पर लेदर विभागाध्यक्ष प्रो जीएल देवनानी ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से शहर की विभिन्न लेदर युनिट्स में जाकर विशेषज्ञ इसके लिए रिसर्च कर रहे हैं। रिसर्च के साथ ही उद्यमियों से फीडबैक भी लिया जा रहा है।

इस फीडबैक में उद्यमियों से यह जाना जा रहा है कि किस तरह के अपडेट उन्हें अपने यहां पर कामगारों को चाहिए। इसके अलावा कई अत्याधुनिक मशीनरी पर भी रिसर्च वर्क चल रहा है। जिनके लिए कामगारों को अपडेट किए जाने की योजना है। इस योजना के तहत प्रशिक्षण हासिल करने वाले कामगारों को विश्वविद्यालय की ओर से प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। इस प्रमाण पत्र के जरिए वे अपने कौशल का उपयोग बेहतरी के साथ कर सकते हैं।




### एक्सपोर्ट यूनिट पर होगा फोकस

- विश्वविद्यालय की ओर से सबसे अधिक एक्सपोर्ट यूनिट्स पर फोकस किया जा रहा है। लक्ष्य यह है कि यहां पर काम करने वाले कामगारों को वैश्विक स्तर की क्वालिटी के बारे में बताया जाएगा। इसके अलावा इस तरह की क्वालिटी की मशीनों और प्रोडक्ट की फिनिशिंग व डिजाइन पर भी उन्हें प्रशिक्षित किया जाए। इससे निर्यात प्रोडक्ट पर काम करने वाली यूनिट्स का कारोबार फिलहाल होने वाले कारोबार से बढ़ सकेगा।

### कुशल कारीगरों की कमी दूर होगी

- शहर के लेदर सेक्टर से जुड़े उद्यमियों की ओर से लंबे समय से इस तरह की मांग की जा रही थी। उनका कहना है कि लेदर सेक्टर में नौकरी की भरमार है, लेकिन कुशल कारीगरों की भारी कमी है। अब विश्वविद्यालय की ओर इस योजना से दो तरफ से इस सेक्टर को लाभ पहुंचाया जा रहा है। युनिट्स में काम करने वाले कामगारों के साथ ही युवाओं को भी इसके तहत प्रशिक्षित किया जा सकेगा।

# ऑनलाइन कारोबार का सड़क पर विरोध

- ऑनलाइन कंपनियों का माल ढोने वाले दो पहिया वाहनों का चालान किए जाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** व्यापारियों ने अब ऑनलाइन कारोबार के विरोध में सप्लाई चेन को प्रभावित करने का बीड़ा उठाया है। व्यापारियों ने दोपहिया वाहनों पर भारी भरकम बैग से माल सप्लाई का पुरजोर विरोध किया है। इस बाबत पुलिस प्रशासन से मिलकर ऑनलाइन कंपनियों का माल ढोने वाले दो पहिया वाहनों का चालान किए जाने की मांग की है।

उत्तर प्रदेश कल्याणकारी व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारियों ने डीसीपी वेस्ट से मुलाकात कर माल ढोने वाले दो पहिया वाहनों पर चलान करने की मांग उठाई। व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी संदीप पाण्डेय ने कहा कि दो पहिया वाहनों से किसी सूरत से माल ढुलाई के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। हजारों की संख्या में दो पहिया वाहनों से शहर में माल ढुलाई होती है।

इस स्थिति में नियम विरुद्ध दो पहिया वाहनों से ढुलाई को तुरंत ही रोका जाना चाहिए। कल्याणपुर दक्षिणी व्यापार मंडल के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह व आशुतोष तिवारी ने बताया कि इस मांग को लेकर हम लोग जल्द ही आरटीओ से दो पहिया वाहनों से माल ढुलाई किए जाने का विरोध करते हुए इसे रोके जाने की मांग करेंगे।

## एनएसटीआई में खुलने वाले राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र के लिए फ्रांस के साथ हुआ है करार

# एयरोस्पेस क्षेत्र में कौशल विकास का केंद्र बनेगा शहर

- कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय ने अब उद्योगों को जोड़ने के लिए की पहल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर और आसपास के युवाओं को रक्षा क्षेत्र की आधुनिक तकनीक में विश्वस्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करने का मौका मिलने के द्वार खुल गए हैं। शुक्रवार को केंद्र सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के अंतर्गत प्रशिक्षण महानिदेशालय ने शहर स्थित राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) में पीएम-सेतु योजना के तहत एयरोनॉटिक्स एवं संबद्ध क्षेत्रों के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए उद्योगों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। भारत और फ्रांस की सरकार ने शहर स्थित संस्थान को विकसित करने के लिए समझौता किया है, जिसमें विमान डिजाइन, एयरोस्पेस विनिर्माण, एमआरओ (रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल), एवियोनिक्स और संबद्ध प्रौद्योगिकियों सहित विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त वैमानिकी विशेषज्ञता को कौशल विकास के साथ जोड़ा गया है।

एनएसटीआई में आयोजित कार्यशाला में बताया गया कि पीएम सेतु योजना के तहत देश में कानपुर समेत पांच सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाए गए हैं। इसमें कानपुर में डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत फ्रांस के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी हुई है। ऐसे में विश्व स्तरीय एयरोस्पेस कौशल संस्थान के निर्माण के लिए उद्योगों को न केवल हितधारक, बल्कि वास्तुकार के रूप में केंद्र में रखना जरूरी है। एनएसटीआई कानपुर का राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र देश में तेजी से विकसित हो रहे एयरोस्पेस क्षेत्र के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार करेगा। कार्यशाला में एचएएल, डसॉल्ट एविएशन इंडिया, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, एलएंडटी प्रिसीजन इंजीनियरिंग, अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर, होंडा मोटर्स, एडवांस्ड वेपन्स एंड इक्विपमेंट इंडिया, नामटेक, इनोवेटिव्यू इंडिया, इनोविजन लिमिटेड, जेआईटीएम, नेट प्लांट, एवीपीएल इंटरनेशनल के अलावा कानपुर और आसपास के जिलों के आईटीआई के प्रधानाचार्य, उपायुक्त उद्योग अंजनीश प्रताप सिंह तथा उद्योग संगठन आईआईए व फीटा भी शामिल रहे।


बैठक करतीं कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय में सचिव सुश्री देवश्री मुखर्जी।

### आईटीआई को गोद लेने में आगे आएं औद्योगिक घराने

- कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के महानिदेशक दिलीप कुमार ने कार्यशाला में औद्योगिक घरानों से स्थानीय आईटीआई को गोद लेने की अपील करते हुए कहा कि इस क्लस्टर अप्रोच से बड़े उद्योग आईटीआई के बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने में मदद कर सकेंगे, जिससे पाठ्यक्रम को सीधे उद्योग की जरूरतों के अनुसार बनाया जा सकेगा। मंत्रालय में सचिव, मुख्य अतिथि सुश्री देवश्री मुखर्जी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य आईटीआई संस्थानों को उद्योगों के साथ सीधे जोड़ना है ताकि युवाओं को प्रशिक्षण के तुरंत बाद रोजगार मिल सके। कानपुर का डिफेंस कॉरिडोर और फ्रांस की साझेदारी इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


परिवहन मंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते ट्रांसपोर्टर्स। अमृत विचार

# वाहनों में वीएलटीडी की अनिवार्यता वापस लेकर परमिट बहाली की मांग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कामर्शियल वाहनों में वीएलटीडी यानी व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस की अनिवार्यता को समाप्त किया जाये। फिटनेस सेंटर पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार फैला है जिसे खत्म कराया जाए। शुक्रवार को यूपी मोटर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष कटारिया की अगुवाई ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े ट्रांसपोर्टर्स ने उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह से मुलाकात की और नेशनल परमिट धारक वाहनों में AIS140 व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी) की अनिवार्यता से उत्पन्न समस्याएं पर विस्तृत चर्चा एवं ज्ञापन दिया गया। एसोसिएशन ने परिवहन मंत्री से वीएलटीडी व्यवस्था समाप्त करने की मांग की। मंत्री को बताया कि इस नए सिस्टम से परिवहन व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उत्तर प्रदेश में पंजीकृत राष्ट्रीय परमिट धारक वाहन सम्पूर्ण देश में विभिन्न स्थान पर खड़े होते जा रहे हैं। संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-आनन्द अग्रवाल, कवंल गांधी, मनीष सिंघल एवं लखनऊ ट्रान्सपोर्ट एसोसियेशन अध्यक्ष राकेश सिन्हा, पंकज शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### परिवहन मंत्री से ये मांग की गई

- वन टाइम टैक्स व्यवस्था पर पुर्नविचार करें।
- ऑटोमेटेड फिटनेस टेस्ट सेंटर पर हो रही घोर अनियमितता रोकी जाए।
- ट्रैक्टर एवं सेमी ट्रेलर के पृथक पंजीकरण के आदेश पर पुनर्विचार हो।
- प्रवर्तन विभाग द्वारा धारा 115/194 एमवी अधिनियम 1988 का दुरूपयोग रोका जाए।

# बूथों को मजबूत करने में जुटी भाजपा

- बंगाल व असम में बहुमत के बाद शक्ति केंद्र सत्यापन अभियान की समीक्षा
- 2027 के विधानसभा चुनाव में फतह हासिल करने की बीजेपी की तैयारी शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पश्चिम बंगाल व असम चुनाव में बहुमत पाने के बाद बीजेपी ने वर्ष 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। भाजपा कानपुर दक्षिण की ओर से चलाए जा रहे शक्ति केंद्र सत्यापन अभियान की समीक्षा हो रही है।

शुक्रवार को जिला कार्यालय में बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने की। दस दिवसीय अभियान के तहत बूथ एवं शक्ति केंद्रों को मजबूत और सक्रिय बनाने की रणनीति पर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत बूथ स्तर तक कार्यकर्ता हैं। संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक बूथ का सत्यापन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जहां नए बूथ और शक्ति केंद्र बने हैं, वहां नई समितियों का गठन किया जाएगा, जबकि पूर्व में गठित समितियों का भी सत्यापन कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बूथ ही भाजपा की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। बैठक में पदाधिकारियों से अभियान का फीडबैक लिया गया तथा मंडल अध्यक्षों को समय पर सत्यापन पूरा करने को कहा गया है। बैठक में गणेश शुक्ला, जसविंदर सिंह, अंकुर गुप्ता, विक्की मुरजानी, मधु तिवारी, सुरेंद्र चौहान, जितेंद्र सचान, सुरेश मोदी और वजुला तिवारी सहित आदि लोग रहे।


कानपुर दक्षिण कार्यालय में बैठक करते भाजपाई। अमृत विचार

# वंदे मातरम स्वीकार नहीं अदालत जाने की तैयारी

- ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने आजादी पर हमला बताया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने संविधान सभा के उस फैसले को नामंजूर कर दिया है, जिसके तहत वंदे मातरम को राष्ट्रीय गीत से तुलना करते हुए इसके सभी 6 छंद (अंश) को अनिवार्य करार दिया गया है और शिक्षण संस्थानों के कार्यक्रमों में राष्ट्रगान से पहले जरूरी बताया गया है। बोर्ड ने इसे संविधान की आत्मा, धार्मिक स्वतंत्रता, लोकतंत्र पर हमला करार दिया है।

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता डॉ. सैयद कासिम रसूल ने 7 मई को जारी अपने बयान में सरकार से मांग की है कि तुरंत इस फैसले को वापस लिया जाए। उन्होंने कहा है कि एक लोकतांत्रिक मुल्क में इस प्रकार जबरन किसी पर ऐसा कुछ थोपा नहीं जा सकता है। वंदेमातरम के कई छंद में दुर्गा और विभिन्न देवी-देवताओं के पूजन का तसव्वर (सोचना) मौजूद है, जो मुसलमानों के धार्मिक पहलुओं से बिल्कुल अलग है। इस्लाम सिर्फ अल्लाह के इबादत की तालीम देता है। इस प्रकार की किसी भी शर्त को कतई स्वीकार नहीं करता। डॉ. इलियास ने कहा है कि कांग्रेस ने 1937 में रवींद्र नाथ टैगोर से सलाह मशविरा के बाद ये तय किया था कि वंदेमातरम के शुरू के सिर्फ दो छंद ही पढ़े जाएंगे।


महापौर प्रमिला पांडेय को ज्ञापन देते पार्षद। अमृत विचार

# गृहकर, जलकर व सीवर कर के भुगतान में ओटीएस की मांग

- नगर निगम के पार्षदों ने महापौर को ज्ञापन देकर मांग उठाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम मुख्यालय में शुक्रवार को पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन ने महापौर प्रमिला पांडेय से मुलाकात कर ज्ञापन दिया। पार्षदों ने कहा कि गरीब व आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए गृहकर, जलकर व सीवरकर के बकाया भुगतान के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) लागू किया जाए। मांग की है कि जनहित व गरीब कल्याण को सर्वोपरि रखते हुए ब्याज माफी के लिए आगामी सदन की बैठक में योजना तैयार कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया जाए।

पार्षदों ने कहा कि कानपुर नगर निगम सीमांतर्गत बस्तियों में निवास करने वाले गरीब, दिहाड़ी मजदूर व आर्थिक रूप से कमजोर हजारों परिवार अपने घरों के गृहकर, जलकर व सीवरकर के बकाया भुगतान में भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। विभिन्न आर्थिक मजबूरियों के कारण लंबे समय से कर जमा न कर पाने की स्थिति में उनके मूल टैक्स पर भारी जुर्माना व ब्याज लग चुका है। कई परिवार अपना कर्ज चुकाना चाहते हैं, लेकिन भारी ब्याज के कारण ऐसा करने में असमर्थ हैं। समस्या के समाधान के लिए एसोसिएशन की मांग है कि नगर निगम व जलकल विभाग में एकमुश्त समाधान योजना लागू की जाए। योजना लागू होने पर 100 प्रतिशत दंड, ब्याज व सरचार्ज माफ होने से कमजोर वर्ग के नागरिक केवल मूल टैक्स जमा कर सकेंगे। इससे उन्हें आर्थिक व मानसिक दबाव से मुक्ति मिलेगी। वर्षों से फंसे हुए करोड़ों रुपये के बकाये की प्राप्ति संभव हो सकेगी और नगर निगम को राजस्व प्राप्त होगा। नगर निगम प्रशासन को बिल जारी करने, बकायेदारों की सूची बनाने, नोटिस भेजने व कुर्की की कार्यवाही आदि में लगने वाले समय व संसाधनों की भी बचत होगी। योजना लागू होने से जनता के प्रति सहयोग व विश्वास की भावना बढ़ेगी और प्रशासन की जनहितैषी छवि मजबूत होगी। इस दौरान अध्यक्ष नवीन पंडित, महेंद्र पांडेय, मनीष मिश्रा, विवेक शर्मा, ज्योति पासवान, धनश्याम गुप्ता, आकर्ष बाजपेयी आदि पार्षद मौजूद रहे।

सलाह

## केसीएएस और आयकर विभाग की ओर से संयुक्त रिफ्रेशर कोर्स में नए कानूनों पर चर्चा

# टीडीएस प्रावधानों पर अपडेट रहने की जरूरत

- नियमों, तकनीक और टीडीएस व्यवस्था पर विशेषज्ञों ने रखे विचार
- मई और जून माह में चार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आयकर विभाग के सहयोग से शुक्रवार को आयकर अधिनियम 2025 विषय पर रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन हुआ। कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित आयकर भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। कार्यक्रम में टीडीएस प्रावधान विषय पर विशेषज्ञों ने विस्तार से जानकारी दी।

सोसाइटी के अध्यक्ष सीए अखिलेश तिवारी ने कहा कि देश आयकर अधिनियम 1961 से आयकर अधिनियम 2025 की ओर बढ़ रहा है, जो कर प्रणाली के ढाचागत बदलाव है। मुख्य अतिथि यूपी की प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त अपर्णा कर्ण ने कहा कि नया आयकर अधिनियम कर प्रणाली को अधिक सरल, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि टीडीएस का प्रावधान कर की रीढ़ है। अनुपालन आधारित कर व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया गया है।

मुख्य वक्ता सीए विशाल खन्ना ने टीडीएस प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि नए अधिनियम में टीडीएस धाराओं का युक्तिकरण, प्रौद्योगिकी आधारित अनुपालन समन्वय है। बताया कि गलत या विलंबित कटौती पर ब्याज, दंड और अभियोजन का जोखिम बढ़ने की भी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन विनीत तिवारी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सीए नितिन ओमर ने दिया। बताया कि मई व जून में चार और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम में वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स पंकज खन्ना, प्रशांत कुमार वर्मा, शिशिर शुक्ला, गौरव खन्ना सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे। आयकर विभाग से संजय कुमार यादव, आशीष चंद्रा, पंकज कुमार, विक्रम मणि, अनिल कुमार वर्मा, सुकुमार बिस्वास, राजीव प्रसाद, अजय त्रिपाठी, राहुल कुमार सिंह, ऋषि राज राय, अंकुश सिंह भाटी, रवि शेखर चौधरी, सुरेश कुमार वर्मा, विमलेश राय, प्रतीक नंदकुमार कोर्डे, अतुल कुमार सिंह, अमित बनर्जी और विनीत कुमार तिवारी रहे।


आयकर भवन के कार्यक्रम में पहुंचे विशेषज्ञ। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### महिला ने दी धमकी तब शुरू हुई सफाई

**कानपुर।** विराट नगर संजीव नगर में आठ माह से सीवर लाइन चोक है, जिससे परेशान एक महिला ने घर की तीसरी मंजिल पर चढ़कर हंगामा किया। कहा कि अगर आज सीवरेज का मैनहोल साफ नहीं होता है तो वह छत से कूदकर जान दे देंगी। पड़ोसियों ने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मानी। मामला विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के क्षेत्र से जुड़ा होने पर रात में ही सफाई शुरू हुई।

### मदरसा अंजुमन गौसिया में दस्तारबंदी

**कानपुर।** शुक्रवार को मुफ्ती मोहम्मद अनस मियां बरेली शरीफ की सरपरस्ती में बाबूपुरवा स्थित मस्जिद व मदरसा अंजुमन गौसिया में दस्तारबंदी एवं अजमत-ए-कुरआन कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ जिसमें कारी मोहम्मद शोएब रजा रिजवी, मौलाना मुफ्ती मोहम्मद तबरेज आलवम, शहरकाजी मुफ्ती मोहम्मद यूनुस रजा ओवैसी, मुफ्ती मोहम्मद इलियास खां नूरी मुफ्ती-ए-आजम आदि ने विचार रखे।

### सिविस डिफेंस के 5 वार्डेन पर होगी भर्ती

**कानपुर।** नगर में नागरिक सुरक्षा कोर के पनकी, सर्वोदय नगर, कलेक्टरगंज, कृष्णा नगर और गोविन्द नगर प्रखंडों में डिवीजनल वार्डेन के रिक्त अवैतनिक स्वयंसेवी पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक सदस्य और आमजन 10 से 25 मई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। जानकारी नागरिक सुरक्षा कार्यालय गांधी भवन, फूलबाग में उपलब्ध है।

### आज से आईएमए क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट

**कानपुर।** परेड स्थित आईएमए भवन में शुक्रवार को लेदर बॉल क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट के संबंध में गोष्ठी हुई, जिसमे आईएमए अध्यक्ष डॉ .अनुराग मेहरोत्रा ने बताया कि चिकित्सकों व चिकित्सा संस्थानों के बीच खेल भावना, सौहार्द व स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन नौ मई से 31 मई तक किया जाएगा।

# शिक्षा से दूर बच्चों का तैयार होगा डाटा

- 12 जून तक शहर के 12 वार्डों को बाल श्रम मुक्त करने का लक्ष्य
- दिसंबर तक जिला होगा बाल श्रम मुक्त, ग्राम पंचायतों में होगा सर्वे

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिले को इस साल के अंत तक बाल श्रम मुक्त किया जाएगा। शुक्रवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक की ।जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों, औद्योगिक एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा श्रम विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में निर्देश दिए गए कि आगामी 12 जून अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस तक शहर के 12 वार्डों को बाल श्रम मुक्त बनाया जाए। इसके लिए श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग और प्रोबेशन विभाग संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाएंगे। अधिकारियों ने कहा कि बाल श्रम उन्मूलन के लिए जनजागरूकता सबसे महत्वपूर्ण है। मुख्य विकास अधिकारी ने नगर निगम अधिकारियों एवं पार्षदों के साथ बैठक कर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही व्यापारिक एवं औद्योगिक संगठनों के सहयोग से भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



शुक्रवार को विकास भवन सभागार में सीडीओ ने बैठक की। अमृत विचार

ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत अधिकारियों एवं ग्राम प्रधानों के माध्यम से जनपद की सभी 590 ग्राम पंचायतों में सर्वे कराया जाएगा। सर्वे के दौरान 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चों का डाटा तैयार किया जाएगा, जो स्कूल छोड़ चुके हैं या शिक्षा से वंचित हैं। यह जानकारी शिक्षा विभाग एवं श्रम विभाग को उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि ऐसे बच्चों को दोबारा स्कूल से जोड़ा जा सके। बैठक में अपर श्रमायुक्त, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, नगर निगम अधिकारी, पुलिस विभाग की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के प्रभारी, इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी उपस्थित रहे।

## 90 केंद्रों पर होगी प्रवक्ता परीक्षा

**कानपुर।** प्रवक्ता परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा 9 और 10 मई को दो पालियों में आयोजित होगी। पहले दिन 49 और दूसरे दिन 41 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां करीब 38 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के दौरान सुरक्षा और निगरानी के लिए सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। प्रमुख केंद्रों में बीएनएसडी इंटर कॉलेज, गवर्नमेंट इंटर कॉलेज और हलीम मुस्लिम इंटर कॉलेज शामिल हैं। जिला प्रशासन ने सभी केंद्रों पर कक्ष निरीक्षकों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि परीक्षा में गड़बड़ी या अनुचित साधनों के प्रयोग पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# एचबी इलेक्ट्रोफोरेसिस जांच जरूर कराएं

## विश्व थैलेसीमिया दिवस पर जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग में शुक्रवार को विश्व थैलेसीमिया दिवस पर बाल रोग अकादमी कानपुर ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमे बाल रोग विशेषज्ञों ने थैलेसीमिया की रोकथाम, समय पर पहचान व समुचित उपचार की जरूरत पर बल दिया। अकादमी सचिव डॉ.शैलेंद्र गौतम ने कहा कि भारत को विश्व की थैलेसीमिया राजधानी कहा जाता है, यहां लगभग एक से 1.5 लाख बच्चे व युवा थैलेसीमिया मेजर से प्रभावित हैं।

डॉ.शैलेंद्र ने बताया कि प्रतिवर्ष 10 से 15 हजार नए बच्चे इस गंभीर आनुवंशिक रोग के साथ जन्म लेते हैं। देश में लगभग 3.5 से चार प्रतिशत जनसंख्या थैलेसीमिया की साइलेंट कैरियर है, जिन्हें स्वयं कोई लक्षण नहीं होते है, लेकिन वह इस रोग को अगली पीढ़ी में पहुंचा सकते हैं। संयुक्त सचिव डॉ. पूर्णिमा सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में भी यह समस्या गंभीर है और कुछ समुदायों में इसकी व्यापकता अत्यधिक पाई गई है।




थैलेसीमिया से बचाव की जानकारी देते डॉ .अरुण कुमार आर्या, डॉ .शैलेंद्र गौतम व डॉ .अमितेश यादव। अमृत विचार

अकादमी के पूर्व सचिव डॉ.अरुण आर्या ने बताया कि थैलेसीमिया को अक्सर सामान्य आयरन की कमी वाला एनीमिया समझ लिया जाता है, जिससे अनावश्यक आयरन दवाओं के कारण शरीर में आयरन बढ़ जाता है, जिसका अधिकता होने से हृदय, लिवर, किडनी व अन्य अंगों को नुकसान पहुंच सकता है। इसलिए लगातार खून की कमी वाले बच्चों में एचबी इलेक्ट्रोफोरेसिस या एचपीएलसी जांच जरूर करानी चाहिए।

डॉ. अमितेश यादव ने बताया कि बाल रोग विभाग में संचालित थैलेसीमिया वार्ड में वर्तमान में 262 बच्चे पंजीकृत हैं। प्रतिदिन लगभग 12 से 15 बच्चों को निशुल्क रक्त चढ़ाने की सुविधा दी जाती है। यहां पर तीन वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों का नियमित उपचार व फॉलोअप किया जाता है। विशेषज्ञों ने कहा कि विवाह से पहले व गर्भावस्था के दौरान थैलेसीमिया स्क्रीनिंग कराने से इस रोग की रोकथाम का सबसे प्रभावी उपाय है।

### बोन मैरो ट्रांसप्लांट ही इसका इलाज

- बाल रोग विभाग के डॉ .यशवंत राव ने बताया कि थैलेसीमिया के उपचार में बाल रोग विशेषज्ञ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। समय पर निदान, नियमित रक्त संक्रमण, आयरन चिलेशन थेरेपी, टीकाकरण, वृद्धि, विकास की निगरानी व परिवार को आनुवंशिक परामर्श देना उपचार का अभिन्न हिस्सा है। उपयुक्त मरीजों में बोन मैरो ट्रांसप्लांट इस बीमारी का स्थायी उपचार हो सकता है। अपील है कि थैलेसीमिया मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जागरूकता जरूर बढ़ाएं। नियमित रक्तदान कर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के जीवन को सुरक्षित बनाने में सहयोग करें।



पत्रकारों से वार्ता करते सेवादार। अमृत विचार

## गुरमत समागम पर सजेगी संगत

**कानपुर।** गुरुद्वारा बाबा नामदेव में रविवार यानी 10 मई को गुरु हरगोबिंद साहिब जी के गुरगद्दी दिवस पर विशेष गुरमत समागम पर संगत जोड़ मेला सजेगा। ये कार्यक्रम महिलाओं द्वारा संचालित किया जाएगा।

शुक्रवार को किदवई नगर स्थित गुरुद्वारा बाबा नामदेव के प्रधान सरदार नीतू सिंह ने बताया कि 10 मई को विशेष संगत जोड़ मेला एवं गुरमत समागम का आयोजन किया जाएगा। ये आयोजन गुरु हरगोबिंद साहिब जी के गुरगद्दी दिवस को समर्पित रहेगा। कार्यक्रम में कानपुर की विभिन्न स्त्री सत्संग संस्थाओं की बहनें विशेष रूप से भाग लेंगी और सेवा कार्यों का संचालन करेंगी।

गुरुद्वारा के प्रधान ने बताया कि शाम के दीवान में प्रसिद्ध रागी भाई लखविंदर सिंह शबद कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे। कार्यक्रम का सम्पूर्ण आयोजन स्त्री सत्संग की बहनों एवं सेवादारों द्वारा संचालित किया जाएगा, जो प्रदेश में पहला आयोजन है। पत्रकार वार्ता में सुरिंदर कौर, अमरजीत कौर, नीना बहन, इंदु अरोड़ा, गुरविंदर सिंह वासु (प्रिंस), गुरदीप सहगल, अशोक अरोड़ा, रजत तलवार, लाडी बिंद्रा, गुरविंदर सिंह बिट्टू, सरबजीत सिंह रौनक आदि मौजूद रहे।

# आरव और आदर्श बने चैंपियन

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केंद्रीय विद्यालय संगठन की 55वीं संभागीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में एयरफोर्स स्टेशन स्थित केंद्रीय विद्यालय नंबर-2 चकेरी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 मेडल जीतकर विद्यालय को पहला पायदान दिलाया। प्रतियोगिताओं का आयोजन कानपुर, फतेहगढ़, लखनऊ, लालगंज, रायबरेली, शाहजहांपुर और बरेली में किया गया था।

विद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी डॉ. अश्वनी कुमार शुक्ल ने बताया कि आर्चरी, फुटबॉल, कबड्डी, बॉक्सिंग, ताइक्वांडो, जूडो, स्केटिंग, स्विमिंग, योगा, एथलेटिक्स, चेस, वॉलीबॉल, हॉकी, बॉस्केटबाल और बैडमिंटन जैसे खेलों में 140 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें 44 गोल्ड, 37 सिल्वर और 19 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर कुल 100 पदक हासिल किए। एथलेटिक्स खिलाड़ी आरव और स्विमिंग खिलाड़ी आदर्श पाण्डेय ने अपने-अपने तीनों इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया।



खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले केंद्रीय विद्यालय के बच्चे। अमृत विचार

विद्यालय के प्राचार्य मनोज वर्मा ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों को जीत के साथ हार स्वीकार करना, कमजोरियों को पहचानना और सहनशीलता जैसे मूल्य सिखाते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों की मेहनत और प्रशिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि केंद्रीय विद्यालय संगठन खेलों को बढ़ावा देने के लिए सुविधाएं देता है।

इस अवसर पर उपप्राचार्य केजे शुक्ला, नीलम त्यागी, अजय त्रिपाठी, रुचिका वर्मा, राकेश सोनकर, काजल, रामजी, सोनेलाल, मनोज तोमर, प्रीती गुप्ता, कृष्ण प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## दादा नगर में बना क्रिकेट बॉक्स टर्फ

**कानपुर।** दादा नगर की औद्योगिक क्षेत्र में नई सुविधा शुरू हो गई है। इस सुविधा के तहत क्षेत्र में 'क्रिकेट बॉक्स टर्फ' बनाया गया है। शुक्रवार को यह टर्फ उद्यमियों को समर्पित कर दिया गया। किसी भी औद्योगिक क्षेत्र में उद्यमियों के लिए यह पहली सुविधा मानी जा रही है।

टर्फ की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में कोआपरेटिव इस्टेट के चेयरमैन विजय कपूर व लोक लेखा समिति के पूर्व अध्यक्ष अजय कपूर की ओर से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय कपूर व अजय कपूर ने मौजूद लोगों के साथ क्रिकेट भी खेला। चेयरमैन विजय कपूर ने कहा कि अब दादा नगर केवल उद्योग और व्यापार का केंद्र ही नहीं, बल्कि खेल और ऊर्जा का भी नया मंच बन रहा है। कार्यक्रम में मनेन्द्र सिंह, संजीव शुक्ला, कार्तिक कपूर, धर्मेन्द्र कक्कड़, हरीश ईसरानी, देवेन्द्र कक्कड़, महेश माखीजा, अंशुल अरोड़ा, मधु तनवानी, श्याम बिजलानी, रीशू अरोड़ा आदि रहे।

## आइडियाथॉन के विजेता सम्मानित

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज इनोवेशन फाउंडेशन ने शुक्रवार को स्थापना दिवस मनाया। सेमिनार हॉल में आइडियाथॉन के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। यह आयोजन नवाचार, उद्यमिता, रचनात्मकता और समस्या समाधान की भावना को समर्पित रहा।

कार्यक्रम में विभिन्न संकायों से आए छात्र, स्टार्टअप्स, नवोन्मेषक, मेंटर्स एवं उद्यमी एकत्रित हुए। प्रतिभागियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हेल्थ केयर, सस्टेनेबिलिटी, हॉस्पिटैलिटी, बायो टेक्नोलॉजी, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एवं सामाजिक नवाचार जैसे क्षेत्रों में अपने अभिनव विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में 4 विजेताओं को प्रथम पुरस्कार 25 हजार रुपये प्रत्येक को दिया गया। इसी तरह 4 विजेताओं को द्वितीय पुरस्कार 15 हजार रुपये दिए गए। 12 विजेताओं को तृतीय पुरस्कार 10 हजार रुपये से सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को उनके योगदान के लिए प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**रक्तदान पर जोर** | विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से आयोजित हुआ कार्यक्रम

# नृत्य नाटिका के जरिए गूंजा रक्तदान का संदेश



अमित नारायन का सम्मान करते जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार



मर्चेंट चैंबर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने बढ़-चढ़कर भागेदारी निभाई। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में रक्तदान से संबंधित नृत्य नाटिका के माध्यम से लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

शुक्रवार को मर्चेंट चैंबर हॉल सिविल लाइंस में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी जितेंद्र प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम के दौरान ओंकारेश्वर स्कूल के बच्चों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया जबकि रक्तदान से संबंधित नृत्य नाटिका आयोजित की गई जिसकी लोगों ने सराहना की। जिलाधिकारी ने सेवा कार्यों को बल देते हुए कहा हर व्यक्ति को जब जरूरत पड़े, हिचकना नहीं चाहिए यही हमारा धर्म कहता है। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रसाद ने कहा कि रेड क्रॉस संसार में सबसे बड़ी संस्था हैं, किसी भी प्रकार की आपदा में इसके वॉलिंटियर्स हमेशा आगे रहते हैं, इस बात की खुशी है कि हम लोग इस कार्यक्रम को मिलकर मना रहे हैं।

जिलाधिकारी ने प्राथमिक चिकित्सा उपचार पर आधारित पत्रिका का विमोचन भी किया। मुख्य अतिथि का स्वागत सभापति डॉक्टर उमेश पॉलीवाल द्वारा अंग वस्त्र प्रदान करके किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी का स्वागत अंगद सिंह के द्वारा किया गया। रेड क्रॉस के सचिव आरके सफ्फड़ ने विस्तुत आख्या प्रस्तुत की। संचालन उप सभापति डॉ पूजा अवस्थी ने किया। इस दौरान समाजसेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाली सरकारी एवं गैर सरकारी संस्था में कार्यरत लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में इंद्र मोहन रोहतेगी, लखन शुक्ला, रामप्रकाश मिश्रा, प्रवीण पांडे, सीमा अग्रवाल, राजकुमार निगम, इंजीनियर एएन द्विवेदी, डॉक्टर गिरीश मिश्रा एवं बालेंद्र सिंह आदि थे।

## सिटी डायरी



कार्यक्रम में मातृशक्ति को पुरस्कृत किया गया। अमृत विचार

### मदर्स डे पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कानपुर।** श्रीराम एजूकेशन सेन्टर पनकी में मदर्स डे का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार तिवारी ने कार्यक्रम की शुरुआत की। प्री-प्राइमरी की वामिका कटियार, अनाया सचान, शिव एवं स्वस्ति आदि छात्रों द्वारा गीत प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया। छात्र एवं छात्राओं ख्याति, आध्या, शिव और अपनी मम्मियों के साथ नृत्य एवं नाटिका प्रस्तुत कर सभी को आकर्षित किया। राजीव गर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीरामलीला सोसाइटी ने आयी हुई मातृ शक्ति को पुरस्कार वितरण किया।



प्रमाणपत्र और मेडल के साथ विजेता बच्चे। अमृत विचार

### श्रीराम पब्लिक स्कूल बना विजेता

**कानपुर।** केएसएस इंटर स्कूल 'शतरंज प्रतियोगिता' में श्रीराम पब्लिक स्कूल, किदवई नगर विजेता घोषित किया गया। दुर्गाप्रसाद विद्यानिकेतन हुई दो दिवसीय प्रतियोगिता में विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योत्स्ना मिश्रा एवं दिलीप श्रीवास्तव (सचिव-कानपुर चेस एसोसिएशन) मौजूद रहे। प्रतियोगिता में पांच राउंड के मुकाबले खेले गए। फाइनल पांचवें राउंड के बाद श्रीराम पब्लिक स्कूल, किदवई नगर 16 अंकों के साथ विजेता बना। विजेता टीमों को स्कूल के संस्थापक अध्यक्ष केए दुबे पद्मेश ने ट्रॉफी मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान सचिव सिद्धार्थ दुबे, प्रधानाचार्या ज्योत्स्ना मिश्रा, निदेशक एकता दुबे एवं शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।



मुख्य अतिथि को प्रतीक चिह्न देते प्रबंधक अजित अग्रवाल। अमृत विचार

### बच्चों में आत्म विश्वास बढ़ाएं

**कानपुर।** एसजीएम इण्टरनेशनल स्कूल, इन्दिरा नगर कल्यानपुर में शुक्रवार को मातृ दिवस पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. रेनू गहलोत व डॉ. सुनीता सेठ ने किया। इस दौरान विद्यालय के प्रबन्धक अजित अग्रवाल भी मौजूद रहे। डॉ. रेनू गहलौत ने कहा कि समाज की सच्ची प्रगति तभी सम्भव है, जब बेटा-बेटी दोनों को समान शिक्षा, अवसर और संस्कार दिए जाएं। उन्होंने माताओं को प्रेरित किया कि वे बच्चों के भीतर आत्मविश्वास, अनुशासन और मानवीय मूल्यों का विकास करें। डॉ. सुनीता सेठ ने माताओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से जानकारी दी कि सरकार द्वारा 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीन की सिंगल डोज निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप कुमार पाठक भी मौजूद रहे।



महाराणा प्रताप जयंती की पूर्व संध्या पर हुआ कार्यक्रम। अमृत विचार

### महाराणा प्रताप के शौर्य व बलिदान को किया नमन

कानपुर। में महाराणा प्रताप जयंती की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाजसेवी विनोद मिश्रा ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके त्याग, बलिदान और स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने मातृभूमि की रक्षा के लिए कठिन संघर्ष करते हुए घास की रोटियां खाकर भी स्वतंत्रता का संकल्प नहीं छोड़ा। उनके आदर्श आज भी प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक राम गोपाल द्विवेदी, सतेंद्र तिवारी, उर्मिला पाल, विष्णु दत्त, सरोज पांडे और पीयूष लता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मां केवल परिवार ही नहीं, बल्कि समाज की नींव

**कानपुर।** जीटीरोड स्थित होटल ब्रिज में शुक्रवार को श्री अग्रवाल लाहिया महिला उपसमिति (युवा ऊर्जा) ने मदर्स डे पर कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमे मातृशक्ति के सम्मान व उनके अमूल्य योगदान को याद किया। समिति के सदस्यों ने कहां कि मां केवल परिवार ही नहीं, बल्कि समाज की नींव होती है। उनके त्याग, प्रेम व संस्कारों से ही समाज और राष्ट्र मजबूत बनता है। मां का स्थान जीवन में सर्वोच्च होता है। सभी माताओं को सम्मानित कर उनके स्वास्थ्य, सुख व दीर्घायु की कामना की। बच्चों व युवाओं ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम व्यक्त करते हुए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान कल्पना जैन, नैना जैन, आशिमा जैन, श्वेता जैन, रानी जैन, शनाया जैन व सौम्या जैन आदि महिलायें मौजूद रही।



कार्यक्रम में शामिल महिलाएं। अमृत विचार




प्रशस्ति पत्र के साथ छात्र। अमृत विचार

### अर्थ अकेडमी में छात्र हुए सम्मानित

**कानपुर।** अर्थ अकेडमी ने प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में 100 से अधिक चयनित छात्रों को प्रशस्ति-पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर उन्हें सम्मानित किया गया। संस्थान के निदेशक रोहित प्रताप सिंह व गरिमा सिंह चौहान ने विद्यार्थियों से कहा कि सफलता निरंतर परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से प्राप्त होती है। वहीं, उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने इस पहल की सराहना की।

न्यूज ब्रीफ

### गैंगस्टर एक्ट के दोषी को मिली 3 साल की सजा

उन्नाव, अमृत विचार : ऑपरेशन कनविक्शन के तहत गैंगस्टर एक्ट की कोर्ट ने शुक्रवार को एक मामले की अंतिम सुनवाई के बाद आरोपी को दोषी ठहराते हुए उसे 3 साल की सजा सुनाई। साथ ही कोर्ट ने उस पर 5000 का जुर्माना भी लगाया। बांगरमऊ कोतवाली पुलिस ने 7 जुलाई-2015 को बनवारी लाल निवासी ईसापुर पानी की टंकी थाना यमुनापार जिला मथुरा के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेजा था। मुकदमे की विवेचना तत्कालीन निरीक्षक रामलखन पटेल ने करते हुए आरोपी के विरुद्ध साक्ष्य एकत्र कर कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। शुक्रवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय अधिवक्ता विश्वास त्रिपाठी, अलंकार द्विवेदी, हरीश अवस्थी द्वारा पेश की गई दलील सुनने के बाद न्यायाधीश ने बनवारी लाल को दोषी ठहराते हुए उसे 3 साल की सजा सुनाई।

### आवारा मवेशी के हमले से वृद्धा की मौत

उन्नाव, अमृत विचार : माखी थानाक्षेत्र के लगलेसरपुर गांव निवासी रामकुमारी (70) पत्नी स्व. रजऊ घर में रहती थी। गुरुवार को बेटी दयावती कोटे से राशन लेने गई थी। तभी एक आवारा मवेशी उसके घर में घुस गया। वृद्धा ने उसे भगाने का प्रयास किया। तभी मवेशी ने उसे पटक दिया। इसमें वह गंभीर घायल हो गई। जानकारी पर पहुंची बेटी उसे अस्पताल लाई। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। दामाद राधेश्याम की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बाइकों की टक्कर में दो लोगों की मौत, एक गंभीर घायल

## राहुल के घर थी चचेरी बहन की शादी, खुशियां मातम में बदलीं


राहुल


वंश गोपाल

नवाबगंज, उन्नाव

**अमृत विचार:** असोहा थानाक्षेत्र के तेजी खेड़ा गांव के पास शुक्रवार शाम दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। जबकि एक महिला गंभीर घायल है। हादसे ने एक परिवार में शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया है।

असोहा थानाक्षेत्र के गांव जोरावरगंज निवासी राहुल (25) पुत्र राजू रावत शुक्रवार सुबह हसनगंज के फरहदपुर स्थित बहन लक्ष्मी के घर गया था। शाम को वापसी के दौरान तेजी खेड़ा गांव के पास सामने से आ रही बाइक से उसकी टक्कर हो गई। परिजनों ने बताया कि राहुल 15 दिन पहले सऊदी अरब से लौटा था। आज उसकी चचेरी बहन की शादी थी। लेकिन इस हादसे ने पूरे घर में सन्नाटा पसरा दिया। राहुल 3 बहनों व 1 भाई में तीसरे नंबर पर था। हादसे का दूसरा शिकार पुरवा थानाक्षेत्र के पीरजादीगढ़ी निवासी वंश गोपाल (45) पुत्र छोटेलाल हुए। वे पत्नी सुनीता के साथ एक मेडिकल कॉलेज में भर्ती अपने साले योगेश को देखने जा रहे थे। इसमें वंश गोपाल की जान चली गई। वहीं उनकी पत्नी सुनीता गंभीर घायल है। जिसे नवाबगंज सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया है। असोहा एसओ फूल सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम ने मौके का जायजा लिया। दोनों शवों का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस जांच कर रही है।


हादसे की खबर मिलने पर रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

### सड़क हादसे में घायल अधेड़ ने तोड़ा दम

सफीपुर, उन्नाव : कोतवाली क्षेत्र के अंधेलिया चौराहे के पास एक सप्ताह पूर्व हुई बाइक की टक्कर में घायल छूही गांव निवासी ताराचंद्र (55) की शुक्रवार को मौत हो गई। हादसे में ताराचंद्र व उनका साथी नन्हे गंभीर घायल हुए थे। जिन्हें सफीपुर सीएचसी से जिला अस्पताल फिर कानपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान ताराचंद्र की मृत्यु से परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मृतक के पुत्रों व पुत्रियों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू की है।


ताराचंद्र की फाइल फोटो

### सड़क दुर्घटनाओं में तीन युवक लहूलुहान, दो की हालत नाजुक

सफीपुर, उन्नाव : कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को अलग-अलग स्थानों पर हुई दो बाइकों की टक्कर में 3 लोग गंभीर घायल हो गए। लोगों की मदद से सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से 2 को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया गया। पहली घटना नैनी खेड़ा गांव के पास हुई। इसमें कस्बे के सैय्यदवाड़ा निवासी समीर (18) पुत्र मेराज अपने बाबा को खाना देकर लौट रहा था। शारदा नगर पटरी पर सामने से आ रही एक अनियंत्रित बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि समीर के सिर में गंभीर चोट आई है। दूसरी घटना दरौली गांव के समीप हुई। इसमें फतेहपुर चौरासी के मौहाई निवासी गोविंद अपने भांजे दीपांशु के साथ माखी जा रहे थे। तभी आगे चल रहे बाइक सवार द्वारा अचानक मोड़ने से उनकी टक्कर हो गई। इसमें मामा-भांजे घायल हुए। चिकित्सकों ने समीर व दीपांशु की हालत गंभीर बताई है।

# सैनिकों के त्याग व बलिदान को नमन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** ऑपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्षगांठ पर डीएसएन कॉलेज की एनसीसी इकाई ने एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। शुभारंभ प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण कर किया। इस दौरान कॉलेज सभागार में कैडेटों को ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित एक विशेष डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। जिसमें भारतीय सेना के साहस, पराक्रम व राष्ट्र सेवा की भावना को दर्शाया गया। डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से कैडेटों में देशभक्ति व अनुशासन की भावना को और अधिक मजबूत करने का प्रयास किया गया।

● ऑपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

इस मौके पर प्राचार्य ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के अदम्य साहस व राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। एनसीसी कैडेट देश का भविष्य हैं और उनमें सेवा भावना का विकास अत्यंत आवश्यक है। एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. विपिन सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्षगांठ केवल एक स्मरण का अवसर नहीं बल्कि देश के वीर सैनिकों के त्याग व बलिदान को नमन करने का दिन है। एनसीसी के माध्यम से युवाओं में राष्ट्र सेवा, नेतृत्व क्षमता व अनुशासन का विकास किया जाता है। संचालन व आयोजन सीनियर अंडर ऑफिसर नैना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अंडर ऑफिसर अभिषेक, मानसी अवस्थी, काजल त्रिवेदी, सृष्टि, सार्थक, लक्ष्मी सहित अनेक कैडेट उपस्थित रहे।


राष्ट्रगान करते एनसीसी के कैडेट। ● अमृत विचार

# मेगा ब्लॉक में छमकनाली 108 पुलिया का स्ट्रक्चर शिफ्ट

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** रेलवे के मिशन रफ्तार के तहत कानपुर-लखनऊ रेल मार्ग स्थित छमकनाली 108 पुलिया का स्ट्रक्चर शुक्रवार को बदलने का कार्य किया गया। इस कार्य के लिए सुबह 10:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक कुल आठ घंटे का मेगा ब्लॉक लिया गया। मेगा ब्लॉक के दौरान डाउन लाइन पर रेल संचालन प्रभावित रहा, जबकि अप लाइन से ट्रेनों का संचालन जारी रहा।

पुलिया के स्ट्रक्चर को बदलने की तैयारी रेलवे ब्रिज विभाग द्वारा कई दिनों से की जा रही थी। गुरुवार को लखनऊ मंडल के डीआरएम सुनील कुमार वर्मा निरीक्षण करने पहुंचे थे, जहां कुछ तकनीकी खामियां मिलने पर कार्य को स्थगित कर दिया गया था। इसके बाद शुक्रवार को पूरी तैयारी के साथ कार्य शुरू किया गया। मौके पर एडीआरएम सूर्यवीर सिंह चौहान, डिप्टी चीफ इंजीनियर ब्रिज वर्कशॉप नितिन मंगवाल, सीनियर डीईएन रंजीत कुमार, सीनियर डीईएन प्रवेन्द्र कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे और पूरे कार्य की निगरानी करते रहे। मेगा ब्लॉक मिलते ही पुरानी पुलिया के पास पहले से तैयार नए स्ट्रक्चर को आधुनिक मशीनों, भारी-भरकम क्रेनों और जेसीबी की मदद से स्लाइडिंग तकनीक के जरिए शिफ्ट किया गया। इसके बाद युद्धस्तर पर ट्रैक बिछाने और समतलीकरण का कार्य किया गया। अधिकारियों ने बताया कि कानपुर-लखनऊ रेल रूट पर ट्रेनों की गति 160 किलोमीटर प्रतिघंटा तक बढ़ाने की योजना के तहत यह कार्य कराया जा रहा है। इससे पहले जून माह में छमकनाली 109 पुलिया का स्ट्रक्चर भी बदला जा चुका है।

● रेलवे ब्रिज विभाग समेत अन्य विभाग के मौजूद रहे अधिकारी


रेलवे के अधिकारियों की मौजूदगी में होता कार्य। ● अमृत विचार

### ओएचई लाइन रही बंद

सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिया शिफ्टिंग के दौरान शुक्रवार सुबह ओएचई लाइन को बंद कर दिया गया। साथ ही कार्य में बाधा न आए, इसके लिए ओवरहेड वायर को अस्थायी रूप से हटाया गया, जिससे बिना किसी व्यवधान के कार्य सुचारु रूप से सम्पन्न हो सका।

# सीडीओ ने एनआरएलएम की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

**बिछिया उन्नाव, अमृत विचार:** शुक्रवार को सीडीओ कृतिराज ने ब्लॉक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ब्लॉक परिसर में अफरा-तफरी का माहौल रहा। सीडीओ ने अभिलेखों के रख-रखाव में कमियां मिलने पर संबंधित अफसरों को सुधार के निर्देश दिए।

दोपहर करीब 12 बजे ब्लॉक मुख्यालय पहुंचीं सीडीओ ने सबसे पहले उपस्थिति रजिस्टर व डाक पंजिका देखी। इसके बाद उन्होंने लेखागार में सरकारी धन के व्यय व उससे संबंधित फाइलों की पड़ताल की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा की। लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति काफी धीमी मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि विकास कार्यों व मिशन के लक्ष्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। प्रगति में तेजी लाते हुए सभी लंबित लक्ष्यों को शीघ्र पूरा करें। सीडीओ की नाराजगी पर सफाई देते हुए एडीओ आरडी मनोज कुमार ने बताया कि विकास पोर्टल पर तकनीकी समस्याएं आ रही हैं, जिसके कारण डेटा फीडिंग और कार्य की प्रगति को ऑनलाइन अपडेट करने में कठिनाई हो रही है। निरीक्षण के दौरान एडीओ आरडी मनोज कुमार, जेई आरइडी राखी द्विवेदी, वरिष्ठ लेखाकार रमेश कुमार कुशवाहा, स्थापना बाबू हुमा कुरैशी उपस्थित रहे।

# ईओ ने देखी जलभराव की स्थिति

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** फोरलेन राजमार्ग पर ऊंचाई-निचाई के चलते बने नाले से आसपास के कई मोहल्लों में जलभराव की समस्या लगातार बनी हुई है। बरसात के दौरान हालात और बिगड़ जाते हैं, जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ गंगाघाट कोतवाली परिसर भी जलमग्न हो जाता है। समस्या की गंभीरता को देखते हुए शुक्रवार को पालिका के ईओ मुकेश मिश्रा ने कोतवाली पहुंचकर जलभराव की स्थिति का निरीक्षण किया।

● पीडब्ल्यूडी से एनओसी मिलने के बाद बन सकता है नया नाला

बताया गया कि पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने पूर्व में प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी को पत्र भेजकर ऊंचे बने नालों के पुनर्निर्माण की मांग की थी। इस पर पिछले वर्ष पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण भी किया था। प्रस्ताव के तहत कोतवाली से धोबिन पुलिया तक लगभग दो किलोमीटर लंबा नाला करीब पांच करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाना है। नगर पालिका द्वारा कराए गए सर्वे की रिपोर्ट तैयार हो चुकी है, जिसमें छह फीट गहरा और एक मीटर चौड़ा नाला प्रस्तावित है। जेई घनश्याम मौर्या ने बताया कि वर्ष 2014-15 में फोरलेन निर्माण के दौरान बनाए गए नाले की ऊंचाई वर्तमान परिस्थितियों के अनुकूल नहीं है। अब क्षेत्र में आबादी बढ़ने और नालियों के जुड़ने से पानी का दबाव बढ़ गया है, लेकिन ऊंचाई अधिक होने के कारण पानी नाले में न जाकर गलियों में भर जाता है। उन्होंने बताया कि पालिका द्वारा पीडब्ल्यूडी को पत्र भेजा गया है। एनओसी मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर निर्माण कार्य कराया जाएगा।


कोतवाली में जलभराव का निरीक्षण करते ईओ मुकेश मिश्रा।

### आईजीआरएस रैंकिंग में पुरवा व बांगरमऊ तहसील प्रदेश में प्रथम

उन्नाव, अमृत विचार : जिलाधिकारी घनशयाम मीना ने राजस्व कार्यों के आईजीआरएस की माह अप्रैल 2026 की रैंकिंग में जिले की दो तहसीलें पुरवा व बांगरमऊ को प्रथम आने पर एसडीएम पुरवा, बांगरमऊ व उनकी पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इसी तरीके से अन्य तहसीलों के एसडीएम भी सीख लेकर प्रदेश में अपनी रैंक सुधारें तथा अपनी तहसीलों को प्रदेश में प्रथम स्थान पर लाने के लिए प्राथमिकता के साथ जरूरी कार्यवाही करें। जो शिकायत जिस श्रेणी की है उसी श्रेणी में उसका निस्तारण कराएं। शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध ढंग से गुणवत्ता पूर्ण हो। शिकायतकर्ता से फीडबैक लें। शिकायत कर्ता शिकायत से संतुष्ट नहीं है तो वह निस्तारण नहीं माना जाएगा। कहा कि आइजीआरएस सरकार की प्राथमिकताओं में है।

### मदर्स-डे पर अंबिका में माताओं का हुआ सम्मान

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : राजमार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल लिटिल किंगडम में शुक्रवार को मदर्स-डे के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि वरिष्ठ शिक्षिका पामेला व्हाइट व विशिष्ट अतिथि संध्या मिश्रा रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत से हुआ। प्लेग्रुप के बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं प्लेग्रुप, नर्सरी व प्रेप के बच्चों की माताओं के लिए खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। अंत में विजेताओं की घोषणा की गई तथा नर्सरी व प्रेप के बच्चों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रबंधक अजय त्रिवेदी ने मातृत्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माँ ही बच्चे की पहली गुरु होती है। मुख्य अतिथि पामेला व्हाइट ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए माताओं को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उप प्रबंधिका कनिका त्रिवेदी, कार्तिकेय, दिनेश त्रिवेदी, अनुराज श्रीवास्तव, हरि राठौर, सौरभ जायसवाल, धीरेंद्र मिश्रा सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।


अंबिका स्कूल में बच्चों के साथ खड़ीं माताएं।

### शिशु भारती शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : गोपीनाथपुरम स्थित सरोज सरस्वती शिशु मन्दिर में शुक्रवार को शिशु वाटिका के छात्रों का शिशु भारती शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ शशांक पाण्डे द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण से हुआ। विद्यालय की आचार्या आशा शुक्ला ने शिशु भारती के उद्देश्य बताते हुए कहा कि यह छात्र परिषद बच्चों में नेतृत्व, अनुशासन व जिम्मेदारी की भावना विकसित करती है। शिशु वाटिका भारतीय संस्कृति आधारित पूर्व प्राथमिक शिक्षा पर केंद्रित है। समारोह में अध्यक्ष त्रीशा, उपाध्यक्ष विराट यादव, सेनापति अयांश रावत, उप सेनापति अधिष्ठा तथा मंत्री आरुष शुक्ला को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में समाजसेवी मनीष बाजपेयी, शिक्षिका खुशबू अस्थाना तथा विद्यालय की आचार्या रुचि, शताक्षी, डॉली, पूजा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।


शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद शिशु मंदिर के बच्चे।

### युवक ने जहरीला पदार्थ निगला, हालत गंभीर

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गांधी नगर निवासी दीपक ने शुक्रवार को किसी बात से क्षुब्ध होकर जहरीला पदार्थ निगल लिया। कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी और उसे उल्टियां होने लगीं, जिससे परिजनों को घटना की जानकारी हुई। आनन-फानन में परिजन उसे नगर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे कानपुर रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार दीपक की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

# 39 महादानियों ने किया रक्तदान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में मेगा ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन हुआ। इसमें 39 लोगों ने रक्तदान किया। प्रदेश मुख्यालय से भेजी गई ब्लड डोनेशन वैन में यूनिवर्सिटी के स्टाफ व छात्र छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ मानवता की सेवा के लिए रक्तदान किया।

विश्वविद्यालय प्रबंध तंत्र से प्रो. डॉ. टीपी सिंह प्रो वाइस चांसलर, प्रो. डॉ. ओम प्रकाश द्विवेदी कुलसचिव, प्रो. डॉ. हिमांशु त्रिपाठी डीन साइंसेज, डॉ. बृजेन्द्र यादव निदेशक, लीगल स्टडीज, डॉ. गुरमिंदर कौर एसोसिएट डीन, छात्र कल्याण, डॉ. अभिषेक सिंह एसोसिएट प्रोफेसर, विधि अध्ययन आदि ने मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ. हरिनंदन प्रसाद व रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा के सदस्यों का प्रतीक चिन्ह व गुलदस्ता देकर स्वागत किया। रेड क्रॉस की ओर से अमित मिश्रा, संजय चौहान फ़ौजी, डॉ. मनीष सिंह सेंगर, हर्ष तिवारी, मो. सलीम, अशादीन तिवारी, संदीप पाण्डेय, हरिहर प्रसाद दीक्षित, जटा शंकर तिवारी, शिव चंद्र मिश्रा, लक्ष्य निगम, ब्लड डोनेशन वैन के प्रतिनिधि राहुल जायसवाल आदि ने रक्तदाताओं के स्वस्थ्य व समृद्ध जीवन की कामना की। रक्तदान देने वालों में सिक्योरिटी अफसर अशोक सेन व छात्र बसंत यादव ने सबसे पहले रक्दान किया।

● विश्व रेडक्रॉस डे पर चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में मेगा ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन


रक्तदान करते यूनिवर्सिटी के सदस्य। ● अमृत विचार

# एडीओ समेत दो का वेतन रोकने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में पंचायती राज विभाग द्वारा कराए जाने वाले कार्यों की प्रगति से संबंधित बैठक हुई। इसमें सहायक विकास अधिकारी व शहर विकास अधिकारी सुमेरपुर का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने एक-एक कर सहायक विकास अधिकारियों से जानकारी ली। विकास खंड सुमेरपुर में अधिकतर कार्य लंबित होने, निस्तारण न होने पर सहायक विकास अधिकारी सुमेरपुर का वेतन रोकने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए। सहायक विकास अधिकारी सुमेरपुर का असोहा ब्लॉक के लिए ट्रासफर होने पर कहा कि जब तक कार्य पूरा नहीं हो जाता तब तक अन्य ब्लॉक के लिए मुक्त न किया जाए। अन्य विकासखंडों के लंबित प्रकरण पर नाराजगी व्यक्त कर 15 दिन में सभी प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिये। कहा कि युद्ध स्तर पर काम कर जो कार्य शेष हैं उन्हें प्रभावी डिस्पोजल ऑडिटर से परीक्षण कराकर कराया जाए। कहा कि सभी एडीओ पंचायत जो बजट मिला है कहां-कहां खर्च किया गया कितना पैसा बचा है इसकी रिपोर्ट 15 दिन में दें। जवाब न देने पर सुमेरपुर शहर विकास अधिकारी पंचायत का वेतन रोकने के निर्देश दिये।

● जिलाधिकारी ने की पंचायती राज के कार्यों की समीक्षा


समीक्षा बैठक में निर्देश देते डीएम घनश्याम मीना। ● अमृत विचार


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती तहसीन पत्नी रज्जाक नि0 मो0 नसीमगंज बाँगरमऊ जिला उन्नाव ने पालिका कार्यालय में दिनांक 04-05-2026 को अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर यह उल्लेख किया है कि प्रार्थिनी ने मोहल्ला नसीमगंज बाँगरमऊ का एक किता भवन को विक्रेता श्रीमती किस्मतुन पत्नी ताहिर नि0 मो0 गुलाम मुस्तफा तहसील बाँगरमऊ जिला उन्नाव से जरिये रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 12-09-2022 को क्रय कर लिया है। उक्त भवन की माप पूरब से पश्चिम 37 फिट व उत्तर से दक्षिण 13.5 फिट कुल माप 500 वर्गफीट है। प्रार्थिनी के उक्त भवन की चौहदी निम्नलिखित है। पूरब- मकान मुन्ना आदि पश्चिम- रास्ता खड़ंजा चौड़ा 8 फिट उत्तर- मकान क्रेती दक्षिण- मकान किस्मतुन पत्नी शकील प्रार्थनी अपने उक्त भवन को नगर पालिका कर पंजिका अभिलेखों में कर की अदायगी के लिए अपने नाम से दर्ज किये जाने की मांग की है। पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य आवेदन पत्र, रजिस्टर्ड बैनामा, शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायप्रति के आधार पर यदि उक्त नामान्तरण प्रकिया को पूर्ण किये जाने मे किसी को कोई भी आपत्ति है। तो वह विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिन के अन्दर उक्त भवन से सम्बंधित सर्वमान्य रजिस्टर्ड साक्ष्य सहित मेरे समक्ष उपस्थित हो कर वह अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। बाद मियाद गुजर जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा और उपरोक्त नामान्तरण प्रकिया को आवेदनकर्ता के पक्ष मे पूर्ण कर दिया जायेगा तत्पश्चात नगर पालिका परिषद बाँगरमऊ की कोई जिम्मेदारी न होगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बाँगरमऊ उन्नाव


बैठक | विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई दिशा की बैठक, पीडब्ल्यूडी ने तैयार किया 2 .26 लाख करोड़ का मेगा प्लान

# जिले की 789 सड़कों और पुलों का होगा कायाकल्प, कार्ययोजना तैयार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** जिले में बुनियादी ढांचा मजबूत करने व यातायात सुगम बनाने की दिशा में डीएम घनश्याम मीना की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में हुई बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लोक निर्माण विभाग की वार्षिक कार्ययोजना पर चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिले के लिए 789 विकास कार्यों का खाका खींचा गया। इसमें प्रस्तुत कार्ययोजना के अनुसार, सभी विधानसभाओं के लिए 2,26,746.650 करोड़ की लागत से 1500.453 किलोमीटर लंबे मार्गों व सेतुओं के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

एक्सईएन प्रांतीय खण्ड ने बताया कि इस योजना में केवल नई सड़कें ही नहीं बल्कि सड़कों का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण, रोड सेफ्टी के कार्य, हेलीपैड व सेतु निर्माण जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शामिल हैं। डीएम ने बैठक में विभागीय अफसरों को निर्देश दिए कि इन प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर शासन के अनुमोदन हेतु भेजा जाए। कहा कि शासन से मंजूरी मिलते ही लोक निर्माण विभाग तत्काल स्टीमेट तैयार कर वित्तीय स्वीकृति प्राप्त करे। ताकि धरातल पर निर्माण जल्द से जल्द शुरू हो सके।

बैठक में विधायक बम्बालाल दिवाकर, अनिल सिंह, श्रीकांत कटियार, विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि संजीव त्रिवेदी सहित लोक निर्माण विभाग व प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में मौजूद विधायकगण व डीएम।। ● अमृत विचार

### विधानसभावार कार्यों का विवरण

| | | | |
|---|---|---|---|
| पुरवा | 159 कार्य | लागत 64396.240 करोड़, | लंबाई 373.007 किमी |
| भगवंतनगर | 143 कार्य | लागत 27986.900 करोड़, | लंबाई 260.266 किमी |
| बांगरमऊ | 143 कार्य | लागत 36545.590 करोड़, | लंबाई 233.811 किमी |
| सदर | 132 कार्य | लागत 26383.800 करोड़, | लंबाई 194.605 किमी |
| सफीपुर | 121 कार्य | लागत 23014.420 करोड़, | लंबाई 204.677 किमी |
| मोहान | 91 कार्य | लागत 48419.700 करोड़, | लंबाई 234.087 किमी |

### स्व. गणना पूर्ण करें सम्मानित नागरिक: डीएम

उन्नाव : जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कहा कि भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण व मकान गणना का संचालन 22 मई से 20 जून 2026 तक निर्धारित है। मकान सूचीकरण का कार्य शुरू होने से पूर्व आमजन के लिए 15 दिवस की अवधि हेतु स्व. गणना की सुविधा दी गई है। जो 7 मई से शुरू होकर 21 मई तक होगी। उन्होंने जिले के सभी सम्मानित नागरिकों से आग्रह किया कि वह स्व. गणना पूर्ण करें तथा अपने परिवार व परिचितों को भी इसके लिए प्रेरित करें। स्व. गणना पोर्टल (https://se.census.gov.in) का उपयोग कर अपना विवरण दर्ज करें। जनगणना की वेबसाइट पर जाकर सभी नागरिक अपनी सूचना भर दें। इससे यह फायदा होगा कि जब जनगणना की टीम सत्यापन के लिए आपके पास जाएगी तो काफी सुलभता होगी। स्वगणना के कार्य मे नागरिक गण सभी प्रशासनिक अधिकारियों का भरपूर सहयोग करें और स्वगणना के इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।


बैठक करते डीएम घनश्याम मीना।

